# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025








# पाकिस्तानी एयरबेस के पास हिन्दुस्तान ने दिखाई ताकत

**नई दिल्ली।** *भारतीय वायुसेना ने पाक को नोटाम जारी कर पाकिस्तानी एयरबेस के पास अरब सागर में एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। इंडियन एयरफोर्स ये अभ्यास गुजरात और राजस्थान के पास अरब सागर में 2 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू कर दिया। दो दिवसीय ये अभ्यास 3 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक चलेगा। आईएएफ का ये रूटीन अभ्यास है, लेकिन जगह संवेदनशील है क्योंकि यह पाकिस्तान के एयरस्पेस के बिल्कुल सामने है। पहले से अंतरराष्ट्रीय सिविल एविएशन कन्वेंशन (सीआईसीए) के तहत पाकिस्तान को नोटाम जारी कर दिया है। आईएएफ ने अभ्यास से पहले नोटिस टू एयरमेन (नोटाम) जारी किया है, नोटाम जारी होने से सिविलियन एयरक्राफ्ट को रीरूट करना पड़ेगा, जो हाई-इंटेंसिटी एरियल एक्टिविटी का संकेत है। यह अभ्यास वायुसेना का लाइव वेपन फायरिंग, मिसाइल ट्रायल या बड़े पैमाने पर एयर मैन्यूवर्स हो सकता है।*

### पाकिस्तान एयरस्पेस के पास क्यों?

अरब सागर का यह कॉरिडोर संवेदनशील है क्योंकि यहां से पाकिस्तान के एयर रूट्स गुजरते हैं। यह अभ्यास भारत की स्ट्रैटेजिक रेडीनेस दिखाता है, खासकर पाकिस्तान के पास. हाल के तनावों के बीच, जैसे पहलगाम टेरर अटैक (अप्रैल 2025 में 26 मौतें), यह डिटरेंस सिग्नल है। ऐसे अभ्यास अक्सर कंफ्लिक्ट से पहले होते हैं, जैसे ऑपरेशन सिंदूर के समय. पाकिस्तान ने भी पहले नोटाम जारी किए हैं, जैसे अगस्त 2025 में मिसाइल टेस्ट के लिए। यह आईएएफ की कम्बैट प्रिपेयर्डनेस, वेपन टेस्टिंग और मल्टी-डोमेन चैलेंजेस पर फोकस करता है।





### नोटाम क्या है?

*सरल शब्दों में, यह एयरमेन को चेतावनी है कि किसी खास इलाके में असामान्य गतिविधियां होंगी, जैसे हथियार परीक्षण या ड्रिल। यह अंतरराष्ट्रीय सिविल एविएशन कन्वेंशन (सीआईसीए) के तहत जारी होता है। अभ्यास स्थल पाकिस्तान के कराची एयरस्पेस से महज 200 नॉटिकल मील (370 किमी) दूर है। इससे खतरे का जोन यानी पाकिस्तान का नियंत्रित एयरस्पेस से 70 नॉटिकल मील (129 किमी) की दूरी पर फैला है, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।*

## खबर संक्षेप

### बाढ़ पीड़ित पंजाब में एक माह की सैलरी देंगे आप सांसद-विधायक

**चंडीगढ़।** पंजाब इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहा है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बाढ़ ने विकराल रूप धारण कर रखा है। अब तक 30 लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग पलायन करने को मजबूर हैं। 96,000 हेक्टेयर से ज्यादा की फसलें डूब चुकी हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना लोगों को बचाने का काम कर रही है। जालंधर, अमृतसर, बरनाला, होशियारपुर, लुधियाना और मानसा सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।



### खालिद, शरजील को झटका, जमानत खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद और कार्यकर्ता शरजील इमाम समेत अन्य की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने उमर खालिद और शरजील इमाम के अलावा मोहम्मद सलीम खान, शिफा-उर-रहमान, अथर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दी हैं।




### सभी शिक्षकों के लिए टीईटी हुआ अनिवार्य

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों की योग्यता परीक्षा टीईटी (टीचर एलिजिबल्टी टेस्ट) को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। यह फैसला विशेष रूप से उन सेवा में रहे शिक्षकों के लिए अहम है जिन्होंने लंबे समय से शिक्षण पेशे में हैं लेकिन टीईटी पास नहीं किया है। हालांकि यह मामला महाराष्ट्र से उत्पन्न हुआ था, इसके प्रभाव पूरे देश में शिक्षा क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन वरिष्ठ शिक्षकों को बड़ी राहत दी है जिनके सेवानिवृत्ति तक 5 साल से कम समय बचा है। इन शिक्षकों को टीईटी परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी और वे सामान्य प्रक्रिया के अनुसार अपनी सेवा समाप्त कर सकते हैं।

### अनशन कर रहे नेता जरांगे ने खत्म किया आश्वासन, बोले- हम जीत गए

# ‘झुकी फडणवीस सरकार, मराठवाड़ा के मराठाओं को दिया जाएगा कुनबी का दर्जा’

*मुंबई के आजाद मैदान में आरक्षण को लेकर अनशन कर रहे मराठा नेता मनोज जरांगे सरकार के आश्वासन के बाद अपना अनशन खत्म कर दिया। उन्होंने आजाद मैदान में महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दी गई ड्राफ्ट प्रस्तावना (ड्राफ्ट रिज़ॉल्यूशन) को स्वीकार कर लिया। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री समूह ने जरांगे को आश्वासन दिया कि हैदराबाद गजट लागू करने के लिए एक सरकारी आदेश (जीआर) जारी किया जाएगा, जिसके बाद मराठवाड़ा के मराठाओं को कुनबी का दर्जा मिल सकता है।*

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सरकार ने कहा है कि यह आदेश जरांगे द्वारा प्रस्ताव स्वीकार करने के एक घंटे के भीतर जारी कर दिया जाएगा, जबकि बाकी तीन गजट लागू करने में कम से कम एक महीने का समय लगेगा। जरांगे पाटिल की कुल आठ मांगों में से छह को सरकार ने मान लिया है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे ने अपने समर्थकों से कहा, ‘हम जीत गए हैं।’ जरांगे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने अगर मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सरकारी आदेश जारी कर दिया तो मुंबई से रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को मराठा समुदाय को कुनबी का एक हिस्सा बताने वाला सरकारी आदेश जारी करने के लिए दो महीने का ‘अल्टीमेटम’दिया।

**पाटिल की कुल आठ मांगों में से छह को मान लिया है सरकार ने**



### तुरंत लागू हो हैदराबाद गजट

अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए पाटिल ने कहा कि मराठा समाज की मांगें पहले ही सरकार को लिखित रूप में दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा, ‘पहली मांग हैदराबाद गजट को तुरंत लागू करने की थी। इस पर अब सरकार ने फैसला लिया है। मंत्री राधाकृष्ण विके पाटिल ने भरोसा दिया है कि अगर आंदोलनकारी इस प्रस्ताव को मान लेते हैं तो सरकार इस पर जीआर जारी करेगी।’ पाटिल ने आगे बताया, ‘सब-कमेटी ने हैदराबाद गजट लागू करने की मांग को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। इस सरकारी फैसले के अनुसार एक कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके तहत मराठा समाज के उन लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जिनके रिश्तेदार, गोत्र के लोग या उसी गांव के लोग पहले से ऐसे प्रमाणपत्र पा चुके हैं।’

### क्या है हैदराबाद गजट?

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग के संदर्भ में हैदराबाद गजट अहम भूमिका निभाता है। साल 1918 में निजाम शासन के दौरान जारी इस गजट में मराठवाड़ा क्षेत्र (जो तब हैदराबाद राज्य का हिस्सा था) की कई जातियों को दर्ज किया गया था। इसमें मराठा समुदाय को भी कुनबी के रूप में दर्ज किया गया था। कुनबी जाति को महाराष्ट्र में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) का दर्जा प्राप्त है। निजाम के समय में मराठा समुदाय की प्रशासन और नौकरियों में मौजूदगी को देखते हुए सरकार ने उन्हें आधिकारिक तौर पर कुनबी वर्ग में रखा और शिक्षा व रोजगार में आरक्षण का लाभ दिया। इस आदेश को हैदराबाद राज्य की सरकारी गजट अधिसूचना में प्रकाशित किया गया, इसलिए इसे ‘हैदराबाद गजट’कहा जाता है।

### हैदराबाद गजट क्यों है अहम?

हैदराबाद गजट आज भी वैध माना जाता है और कई कानूनी मामलों में सबूत के तौर पर प्रस्तुत किया जाता है। मराठा आरक्षण की पिछली मांगों में भी इसका हवाला दिया गया था। गजट में दर्ज है कि मराठा समुदाय सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा रहा है। इसी आधार पर मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल न सिर्फ हैदराबाद गजट लागू करने की मांग करते रहे हैं, बल्कि सतारा और बॉम्बे गजट के पुराने रिकाड्‌र्स को भी शामिल करने पर जोर दे रहे हैं।

### सूडान में भूस्खलन से तबाही

# पूरा गांव मलबे में दबा 1000 से ज्यादा मौतें



**खार्तूम।** सूडान के दारफुर इलाके में 31 अगस्त 2025 को आए भयानक भूस्खलन ने एक पूरा गांव तबाह कर दिया। तारसीन गांव को मिट्टी का ढेर बना दिया, जिसमें 1000 से ज्यादा लोग मारे गए। सिर्फ एक ही व्यक्ति बचा. यह आपदा जेबेल मर्रा पहाड़ी क्षेत्र में हुई, जहां पहले से ही गृहयुद्ध के कारण लाखों लोग शरणार्थी बने हुए हैं। यह भूस्खलन 31 अगस्त 2025 की शाम को आया। दारफुर क्षेत्र के जेबेल मर्रा पहाड़ों में एक हफ्ते से लगातार भारी बारिश हो रही थी, जिससे मिट्टी ढीली हो गई। तारसीन गांव, जो नींबू-नारंगी उत्पादन के लिए मशहूर था, पूरी तरह धराशायी हो गया। सूडान लिबरेशन मूवमेंट/आर्मी (एसएलएम/ए) ने बयान जारी कर कहा कि पूरे गांव के निवासी मारे गए, करीब 1000 से ज्यादा लोग. सिर्फ एक व्यक्ति बचा है।

### तबाही का मंजर, सिर्फ एक बचा

यह आपदा इतनी भयानक थी कि पूरा गांव मिट्टी, पेड़ों और मलबे के नीचे दब गया। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी मारे गए। सिर्फ एक ही व्यक्ति जिंदा बचा है। गांव के सभी निवासी मिट्टी में दबे हैं। शव निकालना मुश्किल है। तस्वीरों में दिखा कि पहाड़ की दो घाटियां नीचे मिलीं, जहां गांव था, सब कुछ समतल हो गया। दारफुर के आर्मी समर्थित गवर्नर मिनी मिनावी ने इसे ‘मानवीय त्रासदी’बताया। कहा कि यह दुख इतना बड़ा है कि अकेले सहना मुश्किल है। एसएलएम/ए ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से शव निकालने में मदद मांगी। लेकिन इलाका पहाड़ी होने से पहुंचना कठिन है – कोई हेलीकॉप्टर नहीं, सिर्फ उबड़-खाबड़ सड़कें. यूएन के एंटोइन जेरार्ड ने कहा कि मदद पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है।

### पार्टी विरोधी बयानों के चलते हुईं सस्पेंड

# केसीआर ने दिखाई सख्ती, बेटी कविता को बीआरएस से निकाला

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को मंगलवार को तत्काल प्रभाव से पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। उन्हें अपने बयानों और हालिया गतिविधियों की वजह से पार्टी से सस्पेंड किया गया है। यह फैसला कविता के पिता, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने लिया। बीआरएस का कहना है कि कविता के हालिया बयान और उनकी गतिविधियां पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के खिलाफ है। दरअसल पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने कविता के खिला यह अनुशासनात्मक कार्रवाई की और उनके निलंबन की घोषणा की। यह कदम हफ्तों के बढ़ते तनाव के बाद उठाया गया है। सस्पेंशन से एक दिन पहले ही के. कविता ने बीआरएस के भीतर तूफान



खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने खुले तौर पर पार्टी सहयोगियों पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव और पूर्व सांसद मेघा कृष्ण रेड्डी पर उनके पिता पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाने का आरोप लगाया था। कविता ने हरीश राव और संतोष कुमार पर उन्हें हाशिए पर डालने की साजिश रचने का दावा किया था।

### भाई-बहन में चल रही थी खींचतान

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में उत्तराधिकार को लेकर भाई केटीआर और बहन के. कविता के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही थी। कविता ने भाई केटीआर पर आरोप लगाया था कि वह के. चंद्रशेखर राव को गलत जानकारी देकर पार्टी का विलय बीजेपी में कराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बयान दिया था कि उनके पिता केसीआर भगवान हैं, जो शैतानों से घिरे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने दोबारा केसीआर को सर्वोच्च नेता बताते हुए केटीआर समर्थक नेताओं पर निशाना साध रही थी।

# पुलिस पर फायरिंग कर रेप आरोपी आप विधायक हिरासत से फरार, मचा हड़कंप

एजेंसी ▸▸ पटियाला

हरियाणा के करनाल में मंगलवार को उस समय नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला जब पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद अपने समर्थकों द्वारा गोलीबारी और पथराव किये जाने के बीच पुलिस हिरासत से फरार हो गए। पठानमाजरा हरियाणा में करनाल जिले के डाबरी गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर पर थे जहां पंजाब पुलिस का एक दल उन्हें गिरफ्तार करने पहुंचा था। पटियाला अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) के प्रभारी प्रदीप बाजवा ने कहा,



‘हमने हरियाणा में पठानमाजरा के (रिश्तेदार के) आवास पर छापा मारा। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन ग्रामीणों के एक समूह और कुछ शरारती तत्वों ने पुलिस टीम पर पथराव किया और गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि सनौर के विधायक पठानमाजरा गोलियों और पथराव की आड़ में फरार हो गए। ‘एसयूवी’ रोकने की कोशिश कर रहे एक पुलिसकर्मी को एक वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

### क्या है आरोप

यह मामला जीरकपुर की एक महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताकर उसके साथ संबंध बनाए और बाद में शादीशुदा होते हुए भी 2021 में शादी कर ली। पीड़िता ने विधायक पर लगातार यौन शोषण करने, धमकियां देने और उसे ‘अश्लील’ सामग्री भेजने का आरोप लगाया। प्राथमिकी के बाद, पठानमाजरा ने फेसबुक पर लाइव आकर पंजाब सरकार की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि दिल्ली स्थित आप नेतृत्व “पंजाब पर अवैध रूप से शासन कर रहा है।

### ट्रेन में पूरी ‘सरकार’ साथ लेकर चलते हैं उत्तर कोरिया के तानाशाह

### हरी ट्रेन में 20 घंटे का खास सफर

# बख्तरबंद ट्रेन से 6 साल बाद चीन पहुंचे किम, दुनिया हैरान

एजेंसी ▸▸ बीजिंग

उत्तर कोरिया नेता किम जोंग उन चीन पहुंचे हैं। किम बीजिंग में होने वाली सैन्य परेड में हिस्सा लेंगे। साथ ही वह व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ बैठक करेंगे। इसमें सबसे दिलचस्प बात यह है कि किम जोंग प्लेन नहीं बल्कि ट्रेन से आए हैं। किम सोमवार शाम को उत्तर कोरिया की राजधानी से अपनी बख्तरबंद ट्रेन सनशाइन में चीन के लिए रवाना हुए। करीब 20 घंटे के सफर के बाद वह मंगलवार को बीजिंग पहुंचे। किम की हरी रंग की ये ट्रेन बेहद खास है। इसमें मीटिंग रूम से लेकर रेस्टोरेंट तक सब है। इसे ऐसे तैयार किया गया है कि हमले की स्थिति में नेता को बचाया जा सके।

### मीटिंग रूम से लेकर रेस्टोरेंट तक सब है इस ट्रेन में



### चलता-फिरता ‘किला’ है ट्रेन

दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने किम की बुलेटप्रूफ ट्रेन को चलता-फिरता ‘किला’बताया है। इससे पता चलता है कि यह सुरक्षा के को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से तैयार की गई है ताकि इस पर गोली और बम असर ना करे। हालांकि यह केवल 60 किलोमीटर (37 मील) प्रति घंटे की गति से चलती है। ऐसे में प्लेन के मुकाबले इसमें काफी समय लगता है लेकिन बीते कई दशकों से उत्तर कोरिया के शीर्ष नेताओं का विश्वास इस ट्रेन पर हैं। किम के पूर्ववर्ती भी इससे सफर करते रहे हैं।

### ट्रेन में यह सुविधाएं

विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के पुराने यात्री विमानों के बेड़े की तुलना में ये बुलेटप्रूफ ट्रेन बड़े दल, सुरक्षा गार्डों, भोजन और सुविधाओं के लिए ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है। ट्रेन में सफर करते हुए किम अपने अफसरों के साथ बैठकों के एजेंडे पर भी आराम से चर्चा कर लेते हैं। इस ट्रेन में शयनकक्ष, दीवारों पर लगी लाइटिंग और लाल-गुलाबी चमड़े की आरामकुर्सियों से सुसज्जित मीटिंग रूम है। किम जोंग उन के साथ ट्रेन में डॉक्टरों की टीम और बुलेटप्रूफ कारें चलती हैं। साथ ही अपने देश और मेजबान देश से संपर्क के लिए सिस्टम भी ट्रेन में है।

# तेजस्वी, सिन्हा के बाद अब खेड़ा को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- 2 वोटर आईडी रखने का आरोप

दो वोटर आईडी कार्ड को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी कार्ड मिलने मिलें हैं। मामले की जांच के लिए दिल्ली चुनाव अधिकारी ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी किया है और उनसे जवाब मांगा है। भाजपा ने पहले दावा किया था कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी हैं। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने मंगलवार को कहा कि खेड़ा का नाम जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र (पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट) और नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र (नई दिल्ली लोकसभा सीट) की वोटर लिस्ट में दर्ज है।

### खेड़ा ने किया था पलटवार

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा, ‘कांग्रेस यही सवाल तो चुनाव आयोग से कर रही है। चुनाव आयोग की प्रक्रिया और काम करने की कार्यशैली पर ही हम सवाल उठा रहे हैं।’ उन्होंने आगे कहा, ‘अमित मालवीय बार-बार चुनाव आयोग पर जो आरोप लगा रहे हैं, हमारे साथ आकर लगाइए ना. सुबह तो मुझे लगा कि शायद वे कांग्रेस में आ गए हैं, क्योंकि यही सवाल तो हम उठा रहे हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025






आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹77235/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹94330/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹102970/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री ने राजद-कांग्रेस पर साधा निशाना

# छलका मोदी का दर्द, कहा- मेरी मां ही नहीं, कांग्रेस ने किया हर मां का अपमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन किया। इसी बीच, बिहार में वोटर अधिकार रैली में अपनी मां के अपमान को लेकर व्यथित पीएम मोदी ने आज दिल का दर्द बयां किया। पीएम मोदी ने कहा कि हिंदुस्तान के किसी व्यक्ति ने ऐसी कल्पना नहीं की थी। बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को अपशब्द कहे गए। ये अपशब्द सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, यह देश की मां, बहन, बेटी का अपमान है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस की हाल में संपन्न हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान उनकी मां को अपशब्द कहे जाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है। मोदी ने कहा कि इसके लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस को वह भले ही माफ कर दें लेकिन बिहार के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। मोदी ने दरभंगा में हाल में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे जाने से पैदा हुए विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनकी मां को अपशब्द कहना उन लोगों के लिए बड़ी बात नहीं है जो 'भारत माता' का अपमान करते हैं और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए? प्रधानमंत्री ने बिहार में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक नयी सहकारी पहल का डिजिटल तरीके से उद्घाटन करने के मौके पर ▶▶| शेष पेज 5 पर

यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2025 का किया उद्घाटन

बिहार की महिला स्वसहायता समूहों को दी सौगात



### मुझे मां भारती की सेवा करनी थी इसलिए...

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं।

### गरीब मां का संघर्ष युवराज नहीं समझ सकते

पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के विधायक तेजस्वी यादव पर निशाना भी साधा। दोनों का बिना नाम लिए पीएम मोदी ने कहा कि एक गरीब मां की तपस्या, उसके बेटे की पीड़ा ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज नहीं समझ सकते। ये नामदार लोग तो सोने-चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं।

### सस्ती ब्याज पर धन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सस्ती ब्याज दरों पर धन उपलब्ध कराने के लिए 'बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' का मंगलवार को डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मोदी ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित किए।

### आक्रोशित एनडीए का बिहार बंद कल

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए ने गुरुवार 4 सितंबर को बिहार बंद का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ अपशब्दों के मामले को लेकर आक्रोशित एनडीए का बिहार बंद सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा ताकि आम लोगों को ज्यादा परेशानी ना हो। बिहार में इस साल चुनाव हैं और एनडीए और इंडिया गठबंधन एक दूसरे को पटकनी देने की जुगत में है।

### इधर, सेमीकंडक्टर चिप की सौगात

*भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में लाएगी बड़ा बदलाव सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन और पीएम नरेंद्र मोदी के इस इवेंट में शिरकत करने के बाद सेमीकंडक्टर चिप को लेकर हलचल तेज हो गई है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी ने कहा, हम भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण पर काम कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत में बनी सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लाएगी। सरकार नई डीएलआई (डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव) योजना को आकार देने जा रही है, लेकिन बहुत सारे लोगों के मन में यह सवाल है कि सेमीकंडक्टर चिप क्या होती है? दुनिया में क्यों सेमीकंडक्टर चिप को लेकर लड़ाई छिड़ी है और भारत अब इस रेस में शामिल होने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है।*

## आरोपियों की तलाश जारी

# घर में घुसे नकाबपोश वृद्ध की हत्या कर ले गए जेवर-नकदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

आधी रात को लूट की नीयत से घर में घुसे तीन नकाबपोश बदमाशों ने दंपति को बंधक बनाकर वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद घर से सोने के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए।

अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम किरीतराम किरण साहू पिता बिशालराम (65) अपनी पत्नी रश्मि किरण के साथ दो मंजिला भवन में रहता था। उसकी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### लूट या डकैती?

भानपुरी हत्याकांड को लेकर कई बातें सामने आ रही है। एकतरफ पुलिस इसे लूट की घटना बताते हुए नकाबपोश के शामिल होने की बात कह रही है। वहीं, मृतक के परिजन व ग्रामीण घटना में पांच नकाबपोश के शामिल होने की बात कह रहे हैं। घटना में कितने आरोपी शामिल थे, यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### युवक ने नानी को मार डाला मां को भी किया घायल

**धमतरी।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के बठेनापारा निवासी लोमन ध्रुव पिता दयाराम (21) ने सोमवार की रात्रि अपनी नानी लखंतीन बाई ध्रुव (56) व मां पूर्णिमा ध्रुव (45) से खर्च के लिए पैसे की मांग की। नानी व मां ने पैसे देने से मना कर दिया। आक्रोशित लोमन ने लकड़ी के बत्ते से नानी लखंतीन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बचाव कर रही अपनी मां पूर्णिमा की भी युवक ने बत्ते से बेदम पिटाई कर दी। घायल मां-बेटी को मोहल्लेवासी उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। ▶▶| शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### दीपक यूएई में भारत के अगले राजदूत नियुक्त



**नई दिल्ली।** अनुभवी राजनयिक दीपक मित्तल को मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया। भारतीय विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी मित्तल वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त नोट में कहा, उम्मीद है कि वह शीघ्र ही कार्यभार संभाल लेंगे।

### कार की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

**हापुड़।** हापुड़ जिले के पिलखुवा क्षेत्र में एक कार की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई। पिलखुवा क्षेत्र के सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार कार ने सोमवार देर शाम एक स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी सवार आलिम और मोटरसाइकिल सवार सचिन तथा उमेश नामक युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रंगदारी मांगने के आरोप में यूट्यूबर पर मुकदमा दर्ज



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक यूट्यूबर पत्रकार पर एक व्यवसायी से कथित तौर पर हर महीने 30,000 रुपए की रंगदारी मांगने और धनराशि न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। व्यापारी दिलीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर संजीव कुमार गुप्ता नामक यूट्यूबर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अफगानिस्तान में फिर भूकंप अब तक 1411 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए।

## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# तबाही की रिपोर्ट, पांच की मौत, 2196 बेघर, 2000 से ज्यादा मकान ध्वस्त



भारी बारिश व बाढ़ से 76 सड़क, 5 पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त, एक पुल बहा, 26 करोड़ का नुकसान

4 जिलों में मार्ग, पुल-पुलिया पर बारिश ने बरसाया कहर

ताड़ा जाने 20 किलोमीटर पैदल जाना पड़ रहा

सड़कों की तत्काल करें मरम्मत

हरिभूमि न्यूज | रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में अगस्त के अंतिम सप्ताह में हुई बेतहाशा बारिश, बाढ़ से जान-माल का नुकसान हुआ है। जानकारों की मानें तो हाल के दशकों में संभवतः पहली बार इस कदर तबाही का आलम देखने को मिला है। राज्य सरकार की बाढ़ आपदा रिपोर्ट के मुताबिक पांच लोगों की जानें गई, 2196 लोग बेघर हो गए और 2 हजार से अधिक मकान ध्वस्त हो गए हैं। राज्य सरकार ने प्रभावितों की मदद के लिए ताकत झोंकी है। खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक दिन पहले ही वहां जाकर हालात ▶▶| शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### 43 राहत शिविर बनाए गए

*बस्तर संभाग की इस बाढ़ की भयानकता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि 2 हजार 20 मकान ध्वस्त हो गए हैं। इनमें से 645 तो पूरी तरह बरबाद हो गए है। 1375 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। मकानों के ध्वस्त हो जाने से 2196 लोग बेघर हुए। इन लोगों की मदद के लिए सरकार ने 43 राहत शिविर बनाए थे। जहां इन लोगों को रखा गया है। अभी भी वहां सभी जिलों में नगर सेना एवं एसडीआरएफ द्वारा राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। राहत शिविरों में* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### साय ने दिखाई संवेदनशीलता



खास बात ये है कि जब बस्तर बाढ़ की आपदा से जूझ रहा था, उस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जापान कोरिया के प्रवास पर थे, जानकारी मिलने पर वहां से उन्होंने फोन पर अधिकारियों से बातचीत की और प्रभावितों की हरसंभव मदद के निर्देश दिए। विदेश यात्रा से आने के बाद सबसे पहले मुख्यमंत्री बस्तर के दौरे पर गए, वहां हालात का जायजा लिया और प्रभावित लोगों को भरोसा दिलाया कि संकट के समय में सरकार पूरी तरह उनके साथ है।

# पारधी गैंग ने रायपुर के कॉन्स्टेबल को सोना खरीदने बुलाया और लूटा

आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, एटीएम कार्ड छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खंडवा

हरदा जिले की सीमा से सटे हरसूद क्षेत्र में पारदी गैंग ने रायपुर के एक कॉन्स्टेबल और उसके भाई समेत एक अन्य को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और साढ़े 17 लाख रुपए से भरा बैग अपने कब्जे में ले लिया। बैग में नकद रुपए, एटीएम कार्ड और अन्य सामान था। लूट के पीछे की कहानी सोना खरीदी से जुड़ी है। रविवार सुबह हुई इस घटना के दो दिन बाद मंगलवार अलसुबह पुलिस ने दो लुटेरों को हिरासत में लेकर लूटा गया पैसा और ▶▶| शेष पेज 5 पर



### सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों की पहचान

पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे और कॉल डिटेल्स की मदद से बदमाशों की पहचान की। मंगलवार अलसुबह तक पारदी गैंग के चारों सदस्यों को हिरासत में लिया गया। उनके कब्जे से 17 लाख रुपए नकद, मोबाइल और एटीएम कार्ड बरामद किए गए।

## मुखबिरी के आरोप में वारदात

# नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या, दो को पिटाई के बाद छोड़ा

हत्या से इलाके में दहशत, मौके पर पहुंची पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है। नक्सलियों ने मौके पर पर्चा फेंककर दोनों ग्रामीणों को पुलिस का मुखबिर बताया है। वहीं दो अन्य ग्रामीणों को पिटाई कर जाने दिया गया।

जानकारी के मुताबिक केरलापाल थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसेटी नंदापारा में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात नक्सलियों ने सिरसेटी ग्राम में पहुंचकर ग्रामीणों को निशाना बनाया। घटना की पुष्टि होते ही थाना केरलापाल ▶▶| शेष पेज 5 पर



### केरलापाल एरिया कमेटी ने ली हत्या की जिम्मेदारी

सिरसेटी में जिस जगह ग्रामीणों की हत्या की गई, वहां पुलिस को दरभा डिविजन के केरलापाल एरिया कमेटी का पर्चा भी मिला है। दोनों के हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए केरलापाल एरिया कमेटी ने मिले पर्चे में डीआरजी के मल्ला देवा को मौत का ▶▶| शेष पेज 5 पर

## दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट जारी

# पासपोर्ट में भारत ने लगाई छलांग, अमेरिका धड़ाम!

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

खास खबर

दुनियाभर के देशों के पासपोर्ट की स्थिति बताने वाले हेन्ले ने अपनी नई रैंकिंग जारी की है। भारत ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया है। भारत 58 गंतव्यों तक वीजा फ्री पहुंच के साथ 76वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत के पासपोर्ट को इससे पहले इस लिस्ट में 80वां स्थान मिला था। ऐसे में भारत ने चार स्थान की छलांग लगाई है। 58 देशों में भारतीय पासपोर्ट पर बिना वीजा के एंट्री मिल रही है। भारत के पासपोर्ट ने छलांग लगाई है, वहीं अमेरिका के पासपोर्ट की स्थिति में गिरावट आई है। अमेरिका का पासोपर्ट आइसलैंड और लिथुआनिया के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर आ गया है। यह दो दशकों में अमेरिका की सबसे निचली रैंकिंग है। अमेरिकी नागरिकों की वीजा फ्री मॉबिलीटी में कमी देखी गई है।



### टॉप पर सिंगापुर

दुनिया में सबसे ताकतवर पासपोर्ट सिंगापुर का है। वैश्विक स्तर पर सिंगापुर 193 गंतव्यों तक वीजा फ्री मुक्त पहुंच प्रदान करते हुए रैंकिंग में शीर्ष पर है। इसके बाद जापान और दक्षिण कोरिया 190 गंतव्यों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन 189 गंतव्यों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। स्वीडन, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, नॉर्वे, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड और पुर्तगाल 188 गंतव्यों के साथ इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं।

### भारतीय पासपोर्ट कैसे सुधरा

*विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के पासपोर्ट के बेहतर होने का श्रेय अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के विस्तार, पारस्परिक वीजासमझौतों और जी20, ब्रिक्स, आसियान जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी को जाता है। यह भारत के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों, अर्थव्यवस्था और रक्षा सहयोग पर देश के रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। एक्सपर्ट का मानना है कि भारत के पासपोर्ट की बढ़ी हुई ताकत इस बात का संकेत है कि देश को अंतर्राष्ट्रीय मामलों में एक जिम्मेदार और प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इससे उसके नागरिकों और विश्व में उसकी स्थिति, दोनों को लाभ हो रहा है।*

## सोना तस्करी का मामला

# अभिनेत्री रान्या पर 102 करोड़ रुपए का जुर्माना

**बेंगलुरु।** डीआरआई ने सोने की तस्करी के एक मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव पर 102 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रान्या राव के साथ ही डीआरआई ने होटल व्यवसायी तरुण कोंडाराजू पर 63 करोड़ रुपये और आभूषण कारोबारियों साहिल सकारिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को डीआरआई अधिकारी बेंगलुरु सेंट्रल जेल पहुंचे और उनमें से प्रत्येक को 250-पृष्ठ का नोटिस और 2,500-पृष्ठ का अनुलग्नक सौंपा। डीआरआई के एक सूत्र ने बताया, सहायक दस्तावेजों के साथ विस्तृत नोटिस तैयार करना एक कठिन काम था।

# भाजयुमो अध्यक्ष पर परिवार तोड़ने का आरोप मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ पत्र वायरल करने वालों के खिलाफ जाएंगे न्यायालय

ग्राम सिलघट निवासी रविकांत टिकरिहा ने भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा पर पत्नी से संबंध होने और परिवार तोड़ने का आरोप लगाया है। जवाब में वायरल हुए पत्र को लेकर भाजयुमो अध्यक्ष ने मंगलवार को सफाई देते हुए कहा, यह सब कांग्रेस की साजिश है। कांग्रेस मेरा चरित्र हनन करने का प्रयास कर रही है। पुराने पत्र को वायरल करने वालों के खिलाफ वे न्यायालय जाएंगे।

श्री टिकरिहा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, उन्हें जिस तरह बदनाम किया गया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले भी यह विषय आ चुका है और बाइट देखकर या वीडियो बनाकर वह इसका खंडन कर लेते थे, लेकिन अब भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद भाजपा नेतृत्व का मार्गदर्शन पाकर वह स्पष्ट कर रहे हैं कि यह मामला अप्रैल, 2022 का है। बेरला थाना चौकी में इस मामले में एफआईआर हुई है। उस क्षेत्र में विपक्ष में रहकर कांग्रेस की सरकार और तत्कालीन विधायक कांग्रेस विधायक के विरुद्ध मजबूती से काम करने के कारण उन चार सालों में कांग्रेस के तत्कालीन विधायक के इशारे पर उनके विरुद्ध 14 एफआईआर कराई गई और उन्हें पांच बार जेल भेजा गया। उसी दौरान यह विषय सामने आया।

### जिसे चाचा बताया जा रहा, उससे रिश्ता नहीं

श्री टिकरिहा ने कहा, गांव के ही जिस व्यक्ति को उनका चाचा बताया गया है, वे केवल मेरे परिचित हैं कोई रिश्तेदार नहीं है। जिस प्रकार से उनको मेरा चाचा बताकर जो भी सर्कुलेट किया जा रहा है, वह सब गलत है। कोर्ट ने भी इन सारी बातों को निराधार बताया है तो इन बेबुनियाद बातों को कांग्रेस कैसे प्रमाणित कर रही है। श्री टिकरिहा ने कहा, कोर्ट के फैसले के बाद जब यह मामला वर्षों पूर्व खत्म हो चुका है, उसके बाद भी इसे हथियार बनाकर एक लेटर बना दिया गया जिसमें उन्हें समाज से निलंबित बता दिया गया, जबकि समाज के मुखिया उनके पदभार ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### आरोप लगाने वाले को बनाया जा रहा मोहरा

इस प्रकार का यह दुष्प्रचार राजनीतिक षड्यंत्र है। जिस व्यक्ति को मोहरा बनाकर यह षड्यंत्र रचा जा रहा है, उनकी पत्नी स्वयं एक शिक्षिका हैं और अपने पति से प्रताड़ित की गई हैं। आज भी उनके नाम का दुरुपयोग कर उनको बदनाम किया जा रहा है। उक्त शिक्षिका ने ही एफआईआर कापी में सारा विषय स्पष्ट रूप से लिखा है कि मेरे पारिवारिक मामले का जबरदस्ती बदनाम करने की मंशा से राजनीतिकरण किया गया है। मेरे पति का मित्र कांग्रेस से संबंधित है। मेरे पति का लगातार विधायक निवास बेमेतरा में आना-जाना रहता है। श्री टिकरिहा ने कहा, इस मामले में कहीं पर भी उनका नाम एफआईआर में नहीं है, यहां तक कि कोर्ट ने उन्हें क्लीन चिट दी है।

### *रविकांत के पत्र में क्या है*

*बेमेतरा जिले के ग्राम सिलघट निवासी रविकांत टिकरिहा ने आरोप लगाया कि राहुल के कारण उनका परिवार टूट गया। रविकांत ने पत्र में लिखा कि उनकी शादी 2015 में हुई थी और उनके घर एक बेटी का जन्म हुआ, जो अब करीब 9 साल की है। उन्होंने दावा किया कि पारिवारिक जीवन सामान्य था, लेकिन समय के साथ मतभेद बढ़े और 20 दिसंबर 2024 को परिवार न्यायालय ने संबंध विच्छेद का आदेश दे दिया। रविकांत ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण के पीछे राहुल टिकरिहा का हाथ है, जिसके कारण उनका घर-परिवार बर्बाद हो गया और बेटी मां से वंचित हो गई। उन्होंने मांग की कि भाजपा को ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सामाजिक और राजनीतिक कार्रवाई करनी चाहिए।*

### *कांग्रेस ने कहा, आरोप हमने नहीं लगाया*

*प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राहुल टिकरिया ने अपने ऊपर लगाए आरोपों के लिये कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वे झूठ बोल रहे है। राहुल टिकरिया के ऊपर आरोप कांग्रेस पार्टी के द्वारा नहीं लगाया गया। उनके रिश्तेदार (चाचा) ने आरोप लगाया है। उनके रिश्ते के चाचा का ऑडियो वायरल है, पत्र वायरल है, यह उनके अपने कर्म है। कांग्रेस ने कभी भी कोई टिप्पणी नहीं किया, न ही उनके चाचा के पत्र फोटो आदि को कांग्रेस ने वायरल किया।*

# दो दिन से वन विभाग की टीम कर रही रेस्क्यू सुबह मुर्गा खाकर तालाब में घुस गया मगरमच्छ

■ फारेस्ट के बस्तर व दंतेवाड़ा की टीम 12 कर्मी 200 मीटर पिंजड़ा व बोट से साथ जुटी

■ तीन दिन से तोकापाल बाजारपारा के तालाब में तैर रहा मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हरिभूमि फॉलोअप

बस्तर जिले के तोकापाल बाजारपारा स्थित 30 एकड़ के तालाब में पांच दिन पूर्व निकट ही स्थित कोयर नाला में बाढ़ होने से मगरमच्छ पहुंचा, जो 5 दिनों से उसी तालाब में रह रहा है, हालांकि इससे कोई जनहानि नहीं हुई। फिर भी सीसीएफ आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश पर चित्रकोट के उप वन मंडलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर आरके मिश्रा के साथ बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले की 12 अधिकारी-कर्मचारी सोमवार की दोपहर से तालाब में रेस्क्यू कर रहे हैं। इसमें वन विभाग ने तालाब में 200 मीटर पिंजड़ा एवं वोट लेकर तैनात हैं, टीम ने सोमवार को तालाब किनारे मगरमच्छ को चारा देने के लिए मुर्गा काटकर रखा गया था। मगरमच्छ ने मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे तालाब से निकलकर बाहर निकला और मुर्गा खाकर वापस तालाब में घुस गया। टीम ने तालाब का वीडियो बनाया, जिसमें स्पष्ट दिख रहा कि मगरमच्छ तैर रहा है। मंगलवार की शाम तक मगरमच्छ तालाब से नहीं निकला। हालांकि वन विभाग ने शुक्रवार से आसपास मुनादी किया है कि लोग तालाब के पास नहीं पहुंचे। तालाब में नहाने की मनाही है।



### *मछली बीज का हो रहा नुकसान*

*बताया जा रहा है कि तोकापाल निवासी सुमीत तिवारी ने इस तालाब में मछली पालन के लिए मछली बीज डाला है। जिसमें मछली के बीज को मगरमच्छ के खा दिए जाने से सुमीत को आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।*

### *तालाब में तैनात वन कर्मी*

*चित्रकोट उप वन मंडलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि तालाब में वन कर्मियों को तैनात किया गया। साथ ही मगरमच्छ को पकड़ने के लिए तालाब में दो दिन रेस्क्यू किया गया है, शीघ्र ही मगरमच्छ मिलेगा।*


HMS साईटिका तेल

शिव सायटिका सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है

HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम

दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।

94060-21769


# रायपुर एयरपोर्ट विस्तार मामले में 13 साल बाद मुआवजा बढ़ाने हाईकोर्ट ने दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने 13 साल बाद नया रायपुर एयरपोर्ट विस्तार के लिए ली गई जमीन का मुआवजा बढ़ाने का आदेश दिया है। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने किसानों के पक्ष में यह फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि किसानों को 17 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की बजाय 25 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा दिया जाए। अतिरिक्त 12 प्रतिशत वार्षिक राशि, 30 प्रतिशत क्षतिपूर्ति और कब्जा लेने की तारीख से ब्याज भी देने के आदेश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने वर्ष 2011 में नया रायपुर में एयरपोर्ट विस्तार के लिए बरौद और आसपास के गांवों की करीब 95 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया था। अधिसूचना अगस्त 2011 में जारी हुई और जून 2012 को किसानों को 17 लाख/हेक्टेयर (असिंचित भूमि) और 18.25 लाख/हेक्टेयर (सिंचित भूमि) के हिसाब से मुआवजा तय किया गया। किसानों ने मुआवजे को कम बताते हुए संबंधित विभाग में आवेदन दिया, लेकिन 2019 में उनकी मांग खारिज कर दी। इसके बाद प्रकाश चंद्र शर्मा, मोहन, रामेश्वर समेत अन्य किसानों ने वर्ष 2020 में हाई कोर्ट में अपील की। मामले में सरकार और एनआरडीए की तरफ से कहा गया कि अधिग्रहण उस समय की गाइडलाइन के तहत तय दरों पर हुआ था।


हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर

THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक

मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक

पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007

मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी

क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी

पैथोलाजी जांच के लिए पैकेज में जांच करायें व अपने पैसे बहुतायत से बचायें।

पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 9039055548, 9300000989, 9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर

लैब केयर डायग्नोस्टिक्स

Lab Care DIAGNOSTICS

Mo.: 9826725383

पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध हैं।

50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -

9303508130, 9302016344, 7909631282


# 64 शिक्षकों को मिलेगा इस वर्ष राज्यपाल सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेशभर के कुल 64 शिक्षकों का चयन किया गया है। चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर राज्यपाल सम्मानित करेंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार सम्मान समारोह राजभवन में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। राज्यपाल रमेन डेका यह पुरस्कार प्रदान करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। पूर्वाभ्यास एक दिन पूर्व 4 सितंबर को होगा।

### राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए दो चयनित

वहीं शिक्षक दिवस के मौके पर दिए जाने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए प्रदेश से दो शिक्षकों का चयन हुआ है। इसमें दुर्ग जिले के हनोदा स्थित सरकारी मिडिल स्कूल की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह और कोरबा जिले के नवोदय विद्यालय में कार्यरत संतोष चौरसिया का नाम शामिल है। 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

### इनका होगा सम्मान

रायपुर जिले से प्रधान पाठक गोपाल राम यादव एवं सहायक शिक्षक कामिनी साहू, धमतरी से प्रधान पाठक किरण साहू एवं सहायक शिक्षक प्रीति शांडिल्य का नाम शामिल है। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला से प्रधान पाठक से प्रियंका गोस्वामी एवं व्याख्याता समयलाल काठे, राजनांदगांव से प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव एवं प्रधान पाठक मुन्हेलाल लिल्हारे, दंतेवाड़ा से प्रधान अध्यापक सुमन जॉर्ज एवं सहायक शिक्षक सुनीता अजीत, कबीरधाम से व्याख्याता रमेश चंद्रवंशी एवं व्याख्याताकामिनी जोशी, सरगुजा से शिक्षकबंदना महथा एवं व्याख्याता अनिता मंदिलवार का नाम शामिल है। नारायणपुर जिला से शिक्षक उमेश सलाम एवं प्रधान अध्यापक सविता यादव, जशपुर से प्रधान पाठक सरिता नायक एवं प्रधान पाठक प्रवीण पाठक, कोरिया से व्याख्याता अमित लाल गुप्ता एवं जेल शिक्षक विवेक सिद्धकी का नाम शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। इसी प्रकार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला से व्याख्याता राजेश द्विवेदी एवं प्रधान पाठक मीना जायसवाल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से प्रधान अध्यापक किशोर शर्मा एवं सहायक शिक्षक राजेश प्रजापति, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से प्रधान पाठक संध्या साहू एवं व्याख्याता संजय देवांगन का नाम शामिल है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला से शिक्षक चन्द्रमुखी मेहता, दुर्ग से शिक्षक नरोत्तम कुमार साहू एवं खेमलता गोस्वामी, कोरबा से शिक्षक मधुलिका एवं प्रधान पाठक प्रिया दुबे, सूरजपुर से प्रधान पाठक रंजय कुमार सिंह एवं व्याख्याता प्रदीप जायसवाल, बलौदाबाजार-भाटापारा से शिक्षक मोहनलाल वर्मा एवं व्याख्याता जगदीश साहू, मुंगेली से व्याख्याता दुर्गा तिवारी एवं सहायक शिक्षक सुधारानी शर्मा, कोण्डागांव से प्रभारी प्राचार्य मनोज डड़सेना एवं शिक्षक शिवचरण साहू, रायगढ़ से सहायक शिक्षक टिकेश्वर प्रसाद पटेल एवं प्रधान पाठक नंद किशोर सतपथी का नाम शामिल है। सुकमा जिला से सहायक शिक्षक अंजु बारसे एवं गंगाधर राना, गरियाबंद से सहायक शिक्षक खोमन लाल सिन्हा एवं दिप्ती मिश्रा, सक्ती से शिक्षक संजीव चंद्रवंशी एवं सहायक शिक्ष नीरा साहू, बालोद से व्याख्याता नरोत्तम यदु एवं सहायक शिक्षक एनुका सार्वा का नाम शामिल है। जांजगीर-चांपा जिला से व्याख्याता अमृतलाल साहू एवं प्रतीक्षा सिंह, बेमेतरा से शिक्षक सुनीता राजपूत एवं केवरा सेन, महासमुंद से व्याख्याता जगदीश सिन्हा एवं ज्योति किरण चंद्राकर, बिलासपुर से व्याख्याता शांति सोनी एवं प्रधान पाठक शिव छत्रवाणी का नाम शामिल है। बस्तर से व्याख्याता सईदा खान एवं प्रधान अध्यापक देवश्री गोयल, कांकेर से कुसुम जैन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से प्राचार्य आरती तिवारी एवं प्रधान पाठक साबरा निशा, बीजापुर से प्रधान पाठक जगदीश तोरेंम एवं व्याख्याता अरूण सिंह का चयन किया गया है।


हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना

मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध

Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR

शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल

8103128515, 0771-4050008

नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल

चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट

रविवार अवकाश

क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, वैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक

सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट

36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311

Makeover

मो. 94252-14479 0771-4020411

www.makeoverraipur.com

निवेद चेस्ट & आई केयर

डॉ. देवी ज्योति दास

डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology

24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.)

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी

दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोक्लियर एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल

सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)

फोन: 0771-4044551

समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा

छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल

डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)

डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सिटी चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ

मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक

Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre

Diabetic Clinic

7724035770 9329004557 9303724304

17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर

अष्टविनायक हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।

बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला

एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)

स्किन क्लिनिक

चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services

पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध

0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953

ओपीडी 50% Off

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
बुधवार, 3 सितंबर 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 24, अंक : 48
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 31.8
न्यून. 24.2

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# बोगर के भगवान गणेश 67, तो संबलपुर के विघ्नहर्ता 60 एकड़ खेत के मालिक

**गणेशोत्सव**

अभिषेक पांडेय ▶▶| भानुप्रतापपुर

तहसील भानुप्रतापपुर अंतर्गत बोगर और संबलपुर में स्थित गणेश मंदिर अति प्राचीन है और मंदिर में स्थापित भगवान गणेश मंदिरों के नाम भी किसान के रूप में दस्तावेज में दर्ज है। बोगर के भगवान गणेश के नाम 67 एकड़ जमीन के मालिक हैं, वहीं संबलपुर के सिद्ध स्वामी गणेश 60 एकड़ जमीन के मालिक हैं। भगवान गणेश की खेती के माध्यम से गांव के लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

तहसील भानुप्रतापपुर से लगभग 10 किमी. की दूरी पर ग्राम बोगर में 85 साल पुराना भगवान गणेश मंदिर है। भगवान गणेश के नाम से क्षेत्र में 67 एकड़ जमीन है। मंदिर का संचालन खेत से होने वाली आय से होता है। बोगर के ग्रामीणों के ▶▶|शेष पेज 5 पर

- भगवान गणेश मंदिरों के नाम भी किसान के रूप में दस्तावेज में दर्ज
- भगवान गणेश की जमीन पर खेती से लोगों को रोजगार भी मिल रहा



संबलपुर

## पुतरवाही में 30, कराठी में 29 और संबलपुर में 1 एकड़ जमीन

तहसील भानुप्रतापपुर से लगभग 07 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम संबलपुर में सिद्ध स्वामी गणेश भगवान का मंदिर है। संबलपुर में सिद्ध स्वामी गणेश भगवान भी किसान हैं और 60 एकड़ जमीन के मालिक हैं। पुतरवाही में 30, कराठी 29 और संबलपुर में 01 एकड़ जमीन है। क्षेत्र के जानकारों के अनुसार संबलपुर में स्थापित सिद्ध स्वामी गणेश भगवान की प्रतिमा को 7 किमी दूर ग्राम बांसला से संबलपुर लाया गया था। इस दौरान बैल गाड़ियों का उपयोग किया गया था और ▶▶|शेष पेज 5 पर

## पत्थर लाने टूटी थीं छह बैल गाड़ियां

इस प्रकार बोगर में 37 एकड़ और विनायकपुर में 30 एकड़ जमीन भगवान गणेश के पास है। कुछ में धान उगाया जाता है, तो कुछ टिकरा किस्म की जमीन है। खेतों को गांव के किसानों को किराए पर दिया जाता है। जिससे होने वाली आय से मंदिर का संचालन होता है। बोगर में चबूतरा में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा के ऊपर मंदिर बनाने प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान प्रतिमा के ऊपर एक ही पत्थर को तराश कर लगाने पहाड़ी से पत्थर लाया गया। पत्थर को लाने के लिए छह बैल गाड़ियां टूटी थीं। ग्रामीणों एवं ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी और प्राइमरी स्कूल एक ही परिसर में




**नई दिल्ली।** सरकार एकीकृत मॉडल के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) की भूमिका को उजागर करने के लिए दिशानिर्देश जारी करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक इसमें खासतौर पर आंगनवाड़ी और विद्यालय को एक छत के नीचे लाने को लेकर दिशानिर्देश होंगे।

### एक करोड़ की नशीली गोलियां जब्त, दो गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के थौबल जिले से एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 'मेथामफेटामीन' की गोलियां जब्त कीं। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया। विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीमा सुरक्षा बल और थौबल जिला पुलिस की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को जिले के थौबल हंगमथाबी इलाके में एक व्यक्ति के घर पर छापा मारा। यहां से 2.356 किलोग्राम 'मेथामफेटामीन' की गोलियां (नशे की गोलियां), 2.04 लाख रुपये नकद, वॉकी-टॉकी सेट और सोने के आभूषण जब्त किए।

चार राज्यों में सैलाब ने मचाया हाहाकार, छग के कुछ इलाकों में भारी बारिश का अनुमान

# हिमाचल-पंजाब में कहर, सड़कें बंद, ट्रेनें रद्द, छत्तीसगढ़ में तीन दिनों का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और भूस्खलन ने तबाही मचाई है। हिमाचल में 20 जून से 30 अगस्त तक 91 फ्लैश फ्लड, 45 क्लाउडबर्स्ट और 95 बड़े भूस्खलन हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को भी भारी बारिश जारी रही। सूबे में भारी बारिश से हालात बेहद खराब हो गए हैं। भारी बारिश के कारण रेल सेवा स्थगित कर दी गई है। 5 राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 1,311 सड़कें बंद हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुल्लू और मंडी में लगभग 2 हजार वाहन जहां तहां फंस गए हैं। स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ इलाकों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इस बीच मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और वज्रपात के साथ भारी से ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के कुछ हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उना, बिलासपुर और हमीरपुर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बताया जाता है कि शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग-5 सोलन जिले के सनवारा में भूस्खलन के कारण बंद है। इससे दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन ▶▶|शेष पेज 5 पर

## रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में झमाझम बरसा पानी

*भारी बारिश ने पूरे देश को हिला दिया है। हिमालयी क्षेत्रों से लेकर मैदानी इलाकों तक जलप्रलय जैसी स्थिति पैदा हो गई है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बाढ़ ने सैकड़ों घरों को बहा दिया। कई सड़कें बंद हैं, ट्रेनें रुकीं हुईं हैं। दिल्ली में यमुना खतरे के स्तर से ऊपर, प्रयागराज में गंगा उफान पर। राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। इस बीच, आईएमडी ने छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।*

- लुधियाना में 2752% तो कुल्लू में 1218 फीसदी बारिश



### पंजाब में बाढ़ की चपेट में 12 जिले

पंजाब में मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। राज्य के 23 में से 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। पंजाब में सतलुज, ब्यास और रावी नदियों के उफान पर होने से गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर, कपूरथला, होशियारपुर समेत 12 जिलों में बाढ़ आई है।




### ट्रेन सेवाएं सस्पेंड

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को शिमला-कालका रेलमार्ग पर भूस्खलन के बाद ट्रेनें रद्द कर दी गईं। ये ट्रेन सेवाएं 5 सितंबर तक स्थगित रहेंगी। बीते 24 घंटे में बिलासपुर जिले के नैना देवी में सर्वाधिक 200 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### रायपुर और दुर्ग संभाग में हो सकती है भारी बारिश

एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है, यह 24 घंटे में और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए ओडिशा की तरफ जाने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः रायपुर और दुर्ग संभाग की जिले संभावित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, झारसुगुड़ा, पुरी तक स्थित है।

### वैष्णो देवी यात्रा आठवें दिन भी स्थगित

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा मंगलवार को लगातार आठवें दिन भी स्थगित रही, जिससे कटरा आधार शिविर और गुफा मंदिर तक का मार्ग पूरी तरह सूना दिखाई दिया। त्रिकुटा पहाड़ियों और कटरा में मंगलवार को फिर से बारिश हुई। उनके अनुसार, खराब मौसम को देखते हुए एहतियातन यात्रा को स्थगित रखा गया है, और सभी मार्गों को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया जाएगा।

### चारधाम यात्रा स्थगित नदियां उफान पर

उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे राज्य के विभिन्न हिस्सों में जनजीवन प्रभावित हुआ। चारधाम यात्रा को भी पांच सितंबर तक स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि आगामी दिनों में भी इसी तरह का मौसम रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने देहरादून, चंपावत, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर जिलों में तीव्रत से अति तीव्र स्तर की वर्षा होने की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है।

14 मंत्रियों पर हाईकोर्ट ने कहा-

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का करना होगा इंतजार

- याचिकाकर्ता को दो सप्ताह का समय दिया गया, अनुच्छेद 164(1) का उल्लंघन
- 90 विधानसभा सीटों की तुलना में 14 मंत्री बनने पर 15 प्रतिशत की सीमा क्रॉस

छग सरकार में 14 मंत्री के खिलाफ जनहित याचिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सरकार में 14 मंत्री बनाए जाने को लेकर लगी जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि चूंकि मामला अपेक्स कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) में लगा है इसलिए वहां से फैसला आना उचित होगा। इससे फिर कोई विवाद ही नहीं रहेगा। याचिकाकर्ता ने इस पर अदालत से दो हफ्ते का टाइम मांगते हुए कहा कि दो हफ्ते में हम सुप्रीम कोर्ट से उस मामले में डिसीजन या कोई दिशा निर्देश ▶▶|शेष पेज 5 पर

### याचिकाकर्ता ने पेश किया शपथ पत्र

पिछले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों का शपथ पत्र मांगा गया था। सुनवाई की शुरुआत में चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से पूछा कि हमने आपसे एफिडेविट मांगा था वह कहां है। इस पर एफिडेविट पेश करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि हम लोगों ने कोविड में सेवा का काम किया है, जिसका अखबार में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट से होनी है 164 (1 ए) की व्याख्या

मामले में राज्य शासन को भी नोटिस जारी किया गया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पक्ष रखा गया। शासन की ओर से खड़े अधिवक्ताओं ने बताया कि मंत्रिमंडल की सीमा तय करने से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है जिसमें 164 (1 ए) की व्याख्या होनी है। यह मामला मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह कैबिनेट का था जिसमें मंत्रिमंडल की न्यूनतम और अधिकतम सीमा के लिए भी याचिका लगी हुई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में लगे केस की कॉपी भी छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ताओं ने अदालत के समक्ष जमा की। जिस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि जब उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित है तो वहीं से डिसाइड करवाइए।



# चिल्फीघाटी में 20 किमी लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग में सोमवार को एक बार फिर लम्बे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि यहां घाटी स्थित नागमोरी में एक ट्रैलर वाहन के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी नाली में घुस जाने के कारण मार्ग अवरूद्ध हो गया और देखते ही देखते मार्ग में आवागमन थम गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे से होकर गुजर रहा एक लोहे से लदा ट्रैलर वाहन नागमोरी में अनियंत्रित होकर नाली में जा घुसा जिससे चौबिसों घंटे ▶▶|शेष पेज 5 पर

- यात्रियों के साथ मरीजों को भुगतनी पड़ी परेशानी

## लोहे से लदा ट्रैलर वाहन नाली में फंसा



मार्ग खुलवाने का किया जा रहा प्रयास

चिल्फीघाटी के नागमोरी में सोमवार की सुबह लगे जाम की सूचना मिलने के बाद चिल्फी पुलिस बीते करीब 12 घंटों से जाम को खुलवाने मसक्त कर रही है लेकिन बताया जाता है कि उसे इस कार्य में अभी तक सफलता नहीं मिला पाई है। मार्ग के दोनों और करीब 10-10 किलोमीटर का जाम और उस पर बीच मार्ग में नाली में फंसा लोहे से लदा और नाली में फंसा ट्रैलर वाहन समस्या को गंभीर बनाए हुए हैं। नाली में फंसे ट्रैलर वाहन को निकालने के लिए न तो मौके पर क्रेन पहुंच पा रही है और नहीं कोई दूसरा रास्ता मिल पा रहा है। कुल मिलाकर यह जाम कब खुलेगा फिलहाल कह पाना मुश्किल दिखाई दे रहा है।

### 12 घंटे से जंगल में फंसे यात्री

फंसे लोगों ने बताया कि जाम सोमवार की सुबह से लगा हुआ है, जो देररात तक नहीं खुल पाया है। करीब 12 घंटे से बीच जंगल में फंसे इन यात्रियों को उमस भरी गर्मी में भोजन पानी के अलावा कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# शाह से मिले सीएम साय और गृहमंत्री माओवादियों का दिया हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रहे माओवादी विरोधी अभियानों, उनकी उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से भी मिले एवं उनके साहस और पराक्रम की सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया। बैठक में उनके साथ छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 5 पर

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्रेगुट्टा ऑपहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों को विशेष सम्मान किया प्रदान







### शाह ने जवानों को दी बधाई

गृहमंत्री शाह ने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल सुरक्षा के मोर्चे पर बल्कि विकास और शांति की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार माओवादियों के सम्पूर्ण उन्मूलन तक आक्रामक अभियान जारी रखेगी और साथ ही विकास को तेजी से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं को तेजी से पहुँचाकर स्थायी शांति की नींव रखी जाएगी।

दो कर्मचारी सस्पेंड, 4 अफसरों को नोटिस

# चूहे के कुतरने से नवजात की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶| इंदौर

महाराजा यशवंतराव अस्पताल में सोमवार को बड़ी लापरवाही सामने आई थी। जहां आदमखोर चूहे ने दो नवजात बच्चों के हाथ कुतर दिए थे। घटना में एक नवजात की मौत हो गई है। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने एक्शन लेते हुए नर्सिंग स्टाफ के दो कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है, जबकि 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### इन पर कार्रवाई

मेडिकल कॉलेज के डीन अरविंद ने नर्सिंग ऑफिसर आकांक्षा बेन्जामिन, श्वेता चौहान को सस्पेंड कर दिया है। जबकि सहायक प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर कलावती बलावी को शोकॉज नोटिस दिया गया है। इसके साथ ही प्रवीणा सिंह, प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर पीआईसीयु व डॉक्टर मनोज जोशी, प्रभारी व प्राध्यापक पीडियाट्रिक्स सर्जरी विभाग को भी शोकॉज नोटिस दिया है।

ट्रंप के सलाहकार नवारो ने फिर कसा भारत पर तंज

# मोदी, पुतिन और शी के घनिष्ठ होते संबंध चिंताजनक!

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच घनिष्ठता को 'चिंताजनक' बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को रूस के बजाय अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के साथ खड़ा होना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी सोमवार को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर तीनों नेताओं द्वारा घनिष्ठता प्रदर्शित किए जाने के बाद आई है। मोदी, शी और पुतिन के बीच 'एकजुटता के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भारत पर 50 फीसदी टैरिफ

ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और रूसी तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इससे भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और विवेकहीन बताया है। रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद का बचाव करते हुए भारत का कहना है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की परिस्थितियों से प्रेरित है। यूक्रेन पर हमले के बाद, जब से पश्चिमी देशों ने रूसी कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाए हैं, तब से रूस भारत का शीर्ष ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बन गया है।



### यूक्रेन में शांति लाएं मोदी

नवारो ने कहा, यूक्रेन में शांति लाने में कहीं न कहीं नयी दिल्ली की भूमिका अहम है। और अब वक्त है कि मोदी (प्रधानमंत्री) आगे आकर अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, मैं मोदी का बेहद सम्मान करता हूं और भारतीय लोगों से बेहद लगाव रखता हूं। यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी वॉर' कहने वाले नवारो ने कहा कि भारत दुनिया के बड़े देशों पर सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है और इस सच्चाई को मानने से इंकार कर रहा है।

### भारत-चीन की गिनाई दुश्मनी

नवारो ने कहा, भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इतिहास पर नजर डालें तो दशकों से भारत और चीन के बीच शीत युद्ध जारी रहा है। उन्होंने कहा कि चीन ने पाक की सेना को धन मुहैया कराया उसे परमाणु हथियार विकसित करने में मदद की है। नवारो ने कहा, चीन ने बार-बार भारत पर खासकर अक्साई चिन में हमला किया है। चीन ने वास्तव में भारत की जमीन पर कब्जा किया और अब भी उस पर कब्जा जमाए हुए है। अब चीनी नौसेना हिंद महासागर के अंदर तक गश्त कर रही है और वहां भारतीय संप्रभुता को चुनौती दे रही है। उन्होंने कहा, 'लेकिन साथ ही हम देख रहे हैं कि चीन के कारोबारी और तेल कंपनियां भारतीय व्यापारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## चिंतन

# खुद अपने पैरों पर क्यों कुल्हाड़ी मार रहा विपक्ष

बीते एक दशक से जो हर चुनाव के दौरान होता है, ठीक वैसे ही हुआ। विपक्ष ने बैठे बिठाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के प्रति अपशब्द कहकर अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मार ली। वोटर अधिकार यात्रा के दौरन बिहार के दरभंगा में पीएम मोदी को एक शख्स ने मां की गाली दे दी थी। हालांकि, उस समय मंच पर न राहुल गांधी थे और न ही तेजस्वी यादव, लेकिन मंच सजा था राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा के लिए। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने 16 दिनों तक बिहार के कोने-कोने में रैलियां की। उनकी रणनीति जातिगत समीकरणों को साधना, युवाओं को रोजगार का सपना दिखाना और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना था। दोनों बिहार के मतदाता सूची से 65 लाख वोटरों के नाम कटने का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे थे, लेकिन पीएम मोदी ने मंगलवार को गाली को बिहार ही नहीं देश की सभी मां और बहनों के साथ जोड़कर पूरा नैरेटिव चेंज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए। हालांकि यह पहली बार यह नहीं है जब प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द कहे गए। नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से आज भावुक अंदाज में बिहार की महिलाओं के सामने यह बात कही, उससे एक बात साफ है कि जल्द होने वाले बिहार चुनाव में यह मुद्दा बनेगा। जब-जब विपक्ष ने पीएम मोदी के लिए अपशब्द कहे, यह विपक्ष पर ही भारी पड़ गया। इससे पहले भी मौत का सौदागर, चौकीदार चोर है, चायवाला जैसे अनेक उदाहरण हैं। गुजरात में साल 2002 के दंगों के लिए तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2007 में गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करते हुए कहा था कि गुजरात की सरकार चलाने वाले झूठे, बेईमान और मौत के सौदागर हैं। मोदी ने इस बयान को कांग्रेस के खिलाफ हथियार में बदल दिया। यह बयान आज भी कांग्रेस के लिए नासूर के समान है। नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन कांग्रेस का इस बयान से पीछा नहीं छूटा। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे। वह गुजरात से दिल्ली आ चुके थे। इस चुनाव के दौरान ही कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने नरेंद्र मोदी को चायवाला कहा। नरेंद्र मोदी ने इस बयान को हाथों हाथ लिया और हर चुनावी मंच से अपने आप को चायवाला कहकर संबोधित किया। जनता पर इसका सीधा असर भी हुआ। कांग्रेस की करारी हार हुई। हालांकि आखिरी बार ऐसा नहीं था। मणिशंकर के ऐसे बयान बाद में भी सामने आते रहे, वो एक बार पीएम मोदी को नीच भी कह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है का नारा दिया। पीएम मोदी ने इस नारे का भी इस्तेमाल अपने पक्ष में किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर चौकीदार नरेंद्र मोदी कर दिया। कुछ ही समय में उस वक्त मैं भी चौकीदार ट्रेंड करने लगा। चुनाव के नतीजे जब सामने आए तो सबको चौंका दिया। चुनाव परिणाम ने बता दिया कि जनता इस नारे से बहुत नाराज हुई। अब बिहार विस चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहकर राजग को मुद्दा थमा दिया है। जल्द ही बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। विपक्ष को यह मुद्दा कितना भारी पड़ता है, इसका असली पता चुनाव नतीजों के बाद ही चलेगा। हालांकि एक बात तो तय हो गई है कि चुनाव में यह मुद्दा जरूर बनने वाला है। भाजपा इसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली।



आत्मनिर्भरता
डॉ. अश्विनी महाजन

# स्वदेशी के साथ आगे बढ़े भारत

यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। वे भारत का संदेश लेकर गए, हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वदेशी को अपनाने का समय आ गया है। जो 'मेक इन इंडिया' से शुरू हुआ, आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में विकसित हुआ, अब स्वदेशी के गहन और समग्र विचार की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक नारा नहीं है। यह एक सभ्यतागत अनिवार्यता है। यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है।

वर्तमान में, हमारे दो-तिहाई से ज़्यादा सौर मॉड्यूल, हमारी 70 प्रतिशत से ज़्यादा दवा सामग्री और अरबों डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सीमा पार से आते हैं। ये सिर्फ़ संख्याएं नहीं हैं, ये कमज़ोरियां हैं। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। उनकी वहां उपस्थिति कोई रियायत नहीं; एक बयान है। भारत बातचीत करेगा, लेकिन स्पष्टता और विश्वास की स्थिति से। बातचीत का मतलब निर्भरता नहीं है। बातचीत का मतलब राष्ट्रीय हितों को कमज़ोर करना नहीं है। संदेश सीधा है: भारत जहां तक संभव हो, सहयोग चाहता है, लेकिन अपनी आर्थिक संप्रभुता से कभी समझौता नहीं करेगा। हाल के अध्ययन, जिनमें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समझ परिषद (सीआइयू ) द्वारा तैयार भारत के भू-आर्थिक ढांचे में चीन अध्ययन के लिए रणनीतिक अनिवार्यता भी शामिल है, इस खतरे को रेखांकित करते हैं। ये अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे चीन का राज्य-प्रधान मॉडल- औद्योगिक अति-क्षमता, डंपिंग, सब्सिडी और वित्तीय इंजीनियरिंग-बाजारों को विकृत करता है और भारत के विनिर्माण आधार के लिए खतरा पैदा करता है। ये अध्ययन फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा में चीनी इनपुट पर हमारी खतरनाक निर्भरता की ओर भी इशारा करते हैं, और चेतावनी देते हैं कि संकट के समय ऐसी महत्वपूर्ण वस्तुओं तक पहुंच को आसानी से हथियार बनाया जा सकता है। देश की करीब 50 स्वदेशी कंपनियां आज भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र में क्रांतिकारी काम कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर में ही भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि कैसे भारत की मिसाइल प्रणाली ने चीन की वायु-रक्षा प्रणाली को परास्त कर डाला था। ये जानकारियां एक बात बिल्कुल स्पष्ट करती हैं कि भारत प्रतिक्रियात्मक रुख नहीं अपना सकता, उसे स्वदेशी पर आधारित एक सक्रिय सिद्धांत अपनाना होगा। चीन के दृष्टिकोण के विपरीत, स्वदेशी साम्राज्यवादी नहीं है। यह ऋण या जबरदस्ती के माध्यम से दूसरों पर हावी होने की कोशिश नहीं करता। हमारा स्वदेशी वसुधैव कुटुम्बकम-दुनिया एक परिवार है-के सिद्धांत पर आधारित है। हमारा दृष्टिकोण देश में आत्मनिर्भरता और विदेश में निष्पक्ष, सहयोगात्मक साझेदारी का है। यह भारत में न केवल अपने लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करने के बारे में है, जो लचीलेपन और सम्मान को मजबूत करता है। वैश्विक स्तर पर, स्थिति बदल रही है। टैरिफ का हथियारीकरण-जो ट्रम्प की पहली पारी में स्पष्ट हुआ और अब वैश्विक व्यापार का एक अभिन्न अंग बन गया है- ने सरकारों और व्यवसायों को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में, कंपनियां चीन के विकल्प तलाश रही हैं। जहां कई लोग इसे 'चीन+1' कहते हैं, वहीं भारत को एक बड़े विचार को आगे बढ़ाना होगा : भारत+अनेक। भारत के पास विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनने के लिए पर्याप्त पैमाना, प्रतिभा और सभ्यतागत लोकाचार है। हमें घरेलू क्षमताओं को और मज़बूत करना होगा। सरकार ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, हाल ही में शुरू किया गया राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, और व्यापार धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियमों में संशोधन। ये उपाय, आसियान मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के भीतर भारत की पुनर्वार्ता और यूरोपीय संघ के साथ नए जुड़ाव के साथ, व्यापार नीति को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाने की इच्छा को दर्शाते हैं। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। सीआईईयू अध्ययन सही ही सिफ़ारिश करता है कि भारत को अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश को दोगुना करके सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत करना चाहिए, यह एक आवश्यक कदम है। यदि हमें सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अगली पीढ़ी की तकनीकों में नवाचार की खाई को पाटना है। यह सरकार के भीतर एक समर्पित चीन आर्थिक जोखिम निगरानी इकाई- जो जोखिमों का पूर्वानुमान लगाने, चीनी प्रथाओं पर नज़र रखने और सक्रिय नीति निर्धारण को सूचित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र- की भी मांग करता है। दोनों ही ज़रूरी और आवश्यक हैं। साथ ही, स्वदेशी सिद्धांत-आधारित साझेदारी का आह्वान करता है। चाहे क्वाड, आसियान, अफ्रीका या लैटिन अमेरिका के माध्यम से, भारत को



एक वास्तविक बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था बनाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ काम करना चाहिए। इसी तरह भारत '+1' की परिधि से 'अनेक' के केंद्र की ओर बढ़ सकता है।

जब प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन की यात्रा कर रहे थे, तो वे भारत के वार्ता संबंधी दायित्व से कहीं अधिक लेकर गए। वे भारत का संदेश लेकर गए कि हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है। ऐसे दौर में जब व्यापार हथियार बन गया है और आपूर्ति श्रृंखलाएं युद्धक्षेत्र बन गई हैं, भारत का रुख दृढ़ होना चाहिए। हम बातचीत करेंगे, लेकिन हमेशा अपनी शर्तों पर। दुनिया को दूसरे चीन की ज़रूरत नहीं है। दुनिया को भारत की ज़रूरत है, एक ऐसे भारत की जो स्वदेशी में निहित हो और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मार्ग पर चलता हो।

*( लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

अली खान



# तंबाकू सेवन की व्यापकता को रोकने की चुनौती

हाल ही में राष्ट्रीय कैंसर रोधक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन ने देश में तंबाकू सेवन की भयावह स्थिति को उजागर कर दिया है। अध्ययन में यह सामने आया है कि देशभर के 100 जिलों में तंबाकू का अत्यधिक सेवन हो रहा है, जिनमें से अधिकतर जिले मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों से हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 68 जिलों में धुआं रहित तंबाकू का सेवन व्यापक रूप से प्रचलित है। धुआं रहित तंबाकू से तात्पर्य ऐसे उत्पादों से है जिन्हें जलाकर धुआं नहीं पैदा किया जाता, बल्कि उन्हें सीधे चबाया, चूसा या मुंह में रखा जाता है। इसमें खैनी, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू मिश्रित सुपारी जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। ये उत्पाद जितने सुलभ और सस्ते हैं, उतने ही खतरनाक भी हैं। अध्ययन के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 21.4 प्रतिशत लोग धुआं रहित तंबाकू का सेवन करते हैं, जिनमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा है। पुरुषों में यह प्रतिशत लगभग 29.6 और महिलाओं में 12.8 है। यह आंकड़ा इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि तंबाकू की लत समाज में कितनी गहराई तक पैठ बना चुकी है। खासतौर पर गरीब और अशिक्षित वर्ग, ग्रामीण क्षेत्रों और श्रमिक तबके में इसकी खपत अत्यधिक है। यह वर्ग न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर होता है, बल्कि उन्हें तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों का इलाज कराने में भी अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें मध्य प्रदेश के 15 जिले, उत्तर प्रदेश और बिहार के 11-11 जिले तथा ओडिशा के भी कई जिले इस सूची में शामिल हैं। इन जिलों का चयन यह दर्शाता है कि तंबाकू सेवन केवल किसी एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्या व्यापक रूप से फैली हुई है। हालांकि, यह बात भी सामने आती है कि जिन जिलों में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और सामाजिक पिछड़ापन ज्यादा है, वहां तंबाकू का सेवन अधिक होता है। लोग तंबाकू को सस्ता और आसानी से उपलब्ध नशा मानते हैं, जिससे वे अस्थायी रूप से तनाव और थकान से मुक्ति पाने की कोशिश करते हैं। परंतु यह राहत बहुत ही क्षणिक होती है और इसके दीर्घकालिक परिणाम बेहद घातक साबित होते हैं। यद्यपि पुरुष उपभोक्ताओं की संख्या महिलाओं से दोगुनी से भी अधिक है, लेकिन महिलाओं में भी यह आदत चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी है। ग्रामीण समाज में विशेषकर महिलाएं घरेलू काम के दौरान खैनी या सुपारी के साथ तंबाकू का इस्तेमाल करती हैं। कुछ जगहों पर इसे परंपरा या आदत के रूप में भी देखा जाता है। तम्बाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति केवल स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करती बल्कि सामाजिक और आर्थिक बोझ भी बढ़ाती है। तंबाकू के कारण उत्पन्न बीमारियों के इलाज पर सरकार और आम जनता दोनों को भारी खर्च उठाना पड़ता है। गरीब तबके को इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई बार इलाज के अभाव में लोग असमय ही मौत के मुंह में चले जाते हैं। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी का भी मानना है कि तंबाकू महामारी दुनिया के सामने आने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। इससे हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती हैं। इनमें से 70 लाख से अधिक लोगों की मौतें सीधे तंबाकू के उपयोग का नतीजा हैं, लेकिन लगभग 13 लाख लोगों की मौत सीधे तौर पर धूम्रपान करने के बजाय अन्य लोगों द्वारा धूम्रपान करने से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आने से होती है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, धूम्रपान अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह और पुरानी सांस की बीमारियों का कारण बनता है। ऐसे में तंबाकू का इस्तेमाल स्वास्थ्य संकट को बढ़ा रहा है। हालांकि सरकार ने तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। फिर भी इसका प्रचलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। लिहाजा, तंबाकू के सेवन को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए। सबसे पहले शिक्षा और जागरुकता पर जोर देना होगा। दरअसल, तंबाकू से होने वाला नुकसान इतना व्यापक है कि इसे केवल व्यक्तिगत आदत कहकर टाला नहीं जा सकता। यह समस्या सामाजिक स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। अगर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो तंबाकू के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। तंबाकू सेवन पर अंकुश लगाना केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की एक अनिवार्य शर्त है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# जब मन हो अशांत, करें अपने इष्टदेव का ध्यान



संकलित
## दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
## प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं-देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करे

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

*- मिलिंद जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मां का दुख-दर्द



मेरी मां अब सशरीर इस दुनिया में नहीं है, उसका राजनीति से भी कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी जिस प्रकार उसे भद्दी गालियां देकर अपमानित किया गया, उसका दुख-दर्द मुझे बिहार की माताओं-बहनों और बेटियों के आंसुओं में साफ नजर आया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पौधरोपण का संकल्प



प्रतिदिन पौधरोपण का संकल्प माँ समान प्रकृति की सेवा का अभियान है। आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण कर प्रकृति सेवा के अभियान को आगे बढ़ाया। आप भी पौधरोपण अवश्य करें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### सहायता राशि भेजी



पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आई भीषण बारिश व बाढ़ से उत्पन्न हालात बेहद दुखद हैं। इस संकट की घड़ी में हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए 5-5 करोड़ की सहायता राशि भेजी गई है।

**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पंजाब की मदद करें



पंजाब हमेशा देश के सामने आए किसी भी संकट का डटकर सामना करता रहा है लेकिन आज राज्य खुद संकट में है। मैं सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में श्रमिक दिवस पर ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन



अमेरिका के कई शहरों में श्रमिक दिवस पर लोगों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का सड़कों पर उतरकर विरोध किया और श्रमिकों को उचित वेतन दिए जाने की मांग की। शिकागो और न्यूयॉर्क में हुए प्रदर्शनों का आयोजन 'वन फेयर वेज' नामक संगठन ने किया। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य अमेरिका में श्रमिकों की परेशानियों की ओर ध्यान खींचना था, जहां न्यूनतम संघीय मेहनताना 7.25 डॉलर प्रति घंटा है। राष्ट्रपति ट्रंप के न्यूयॉर्क स्थित पूर्व आवास के बाहर ''ट्रंप को अब जाना चाहिए' के नारे गूंजे। वहीं, शिकागो में एक अन्य 'ट्रंप टॉवर' के बाहर प्रदर्शनकारियों ने 'नेशनल गार्ड नहीं चाहिए' और 'उसे जेल में डालो' के नारे लगाए। वॉशिंगटन डी सी और सैन फ्रांसिस्को में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। न्यूयॉर्क में लोग 'ट्रंप टॉवर' के बाहर एकत्रित हुए जो वर्षों से राष्ट्रपति का निवास नहीं होने के बावजूद उनके धन-वैभव का प्रतीक और प्रदर्शनों का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लहराए जिन पर कथित 'फासीवादी शासन' को खत्म करने की मांग लिखी थी। वॉशिंगटन में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।

## ऑफ बीट

# सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है



आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार



तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो। तब मृदुल तिवारी ने कुनिका को करारा जवाब देते हुए कहा, इस घर में क्योंकि डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) चल रहा है तो मेजॉरिटी की बातें चलती हैं। मृदुल तिवारी के जवाब पर घरवाले जोरदार तालियां बजाते नजर आ रहे हैं।

# अमेरिका में पायर का डंका
## तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।




***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत'का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा'से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्मे थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर'पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था। पर्दे पर वो उत्तम कुमार के नाम से मशहूर हुए।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रहीं थीं।





# चांपा जमींदारी में गणेशोत्सव का सफर

परम्परा
प्रो. अश्विनी केशरवानी

चांपा जमींदारी का अपना एक उज्जवल इतिहास है। यहां के जमींदार शांतिप्रिय, प्रज्वत्सल और संगीतानुरागी थे। धार्मिक और उत्सवप्रिय तो थे ही, कदाचित यही कारण है कि चांपा में सभी धार्मिक उत्सवों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के साथ ही रासलीला और गणेश चतुर्थी में उत्सव आज भी धूमधाम से मनाया जाता है। चांपा में गणेशोत्सव की शुरुआत जमींदार नारायण सिंह के कार्यकाल में शुरू हुआ। नारायण सिंह के बाद प्रायः सभी जमींदारों ने इस उत्सव को जारी रखा। इनके शासन काल में ही रायगढ़ के गणेशोत्सव के बाद यह दूसरा बड़ा उत्सव देखने को मिलता है। यहां का रहस बेड़ा उस काल का साक्षी है। पहले गणेशोत्सव रहस बेड़ा में ही होता था। जमींदारी का सदर मुख्यालय होने के कारण यहां का रहस बेड़ा कलाकारों को मंच प्रदान करता था, जहां कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर पुरस्कृत होता था। पहले लगभग 15 दिन तक उत्सव का माहौल होता था। उस



समय यहां दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, कमरीद, बलौदा, अकलतरा, नरियरा, कोसा, कराईनारा, रायखेड़ा, पिसौद और शिवरीनारायण आदि अनेक स्थानों से यहां सांस्कृतिक मंडलियां आती थीं। दादू सिंह का रासलीला और गम्मत यहां खूब सराहे जाते थे। नरियरा के ठाकुर विश्वेश्वर सिंह, रायगढ़ के भीखमसिंह, पंडित कार्तिक राम और बर्मन लाल जैसे चोटी के कलाकार कत्थक नृत्य, तबला वादक और संगीतकार यहां शिरकत करने आते थे। इस आयोजन का पूरा खर्च जमींदार अपने खजाने से स्वयं वहन करते थे। चांपा के जमींदार राम शरण सिंह के कार्यकाल में यहां का गणेश उत्सव चरम सीमा पर था। इस आयोजन में इतना खर्च हुआ कि सन 1926 में चांपा जमींदारी को ' कोर्ट ऑफ वॉर्ड्स ' घोषित कर दिया। अनंत चतुर्दशी को विसर्जन पूजा के बाद नगर की सभी गणेश प्रतिमाएं महल से लाई जाती थी और एक साथ बाजे गाजे और करमा नृत्य मंडली के साथ पूरे नगर का भ्रमण करती हुई डोंगाघाट पहुंच कर हसदो नदी में विसर्जित कर दी जाती थी। आज भी आसपास के गांवों से हजारों लोग इसे देखने आते हैं। भीड़ इतनी अधिक होती है कि पैदल चलना दूभर हो जाता है। खासकर अनंत चौदस को तो रात भर कार्यक्रम होते हैं।

लोक साहित्य
उर्मिला शुक्ल

## आंचलिक प्रेम की झलक छत्तीसगढ़ी काव्य में



छत्तीसगढ़ी में लोक परम्परा पर आधारित काव्य की मात्रा प्रचुर है। इसमें छत्तीसगढ़ का किसान है, धान के खेत हैं, बरखा है, अकाल है और छत्तीसगढ़ की प्रिय बासी है। राजनीति के फलक पर छत्तीसगढ़ का अपना अलग अस्तित्व है। यह अलग राज्य के रूप में पहचाना जाए, इसकी चाहत बहुत पहले से थी। समय समय पर छत्तीसगढ़ी काव्य में यह पीड़ा बनकर उभरी, तो कभी विशेषता बन कर। छत्तीसगढ़ राज्य अलग बनने पर अंचल में भाषा एवं संस्कृति की प्रेम की बारिश सी होने लगी। यही कारण है कि विगत वर्षों में छत्तीसगढ़ी को लेकर जितनी कविताएं लिखी गई, उतनी शायद ही कभी लिखी गई होंगी। विद्याभूषण मिश्र के गीत ' चिरैया बोले रे ' में छत्तीसगढ़ राज्य के आने से सारे दुख दूर होने की आशा झलकती है -

*तन डारी ले मन के चिरैया बोले रे*
*नवा राज के नवा अंजोरी घूंघट खोल रे*
*बांट बांट के अंधियारी ल पीए के दिन आगे*
*हर परवा छानी ऊपर दया मया लहरागे*

इसी क्रम में प्रकाश कश्यप की छत्तीसगढ़ वंदना दानेश्वर शर्मा की छत्तीसगढ़ महतारी वन्दना में अंचल की महिमा का विस्तृत वर्णन है। प्रभंजन शास्त्री का कवि मन छत्तीसगढ़ बनने से विभोर है। इसी क्रम में चेतन आर्य, बिट्ठल राम, बरसाइत राम महंत, रविशंकर शुक्ल, सनत तिवारी, डॉ संतराम, राजेन्द्र तिवारी, लखनलाल गुप्त जैसे और भी अनेक कवि और लेखक अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ महतारी का गुणगान कर रहे हैं।

सुरता
विजय शर्मा

## समाजसेवी के रूप में जाने गए ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह



छत्तीसगढ़ के कोमाखान में 19 मार्च 1938 को ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह का जन्म हुआ। जन्म से ही सादगी पूर्ण जीवन शैली में ही आपने अपना जीवन व्यतीत किया। आपका विवाह 1958 में सारंगढ़ राजा नरेश की नातिन एवं पंडरिया जमींदार गौतम सिंह अनरेरी मजिस्ट्रेट बिलासपुर के पुत्री बाल कुमारी देवी के साथ हुई। आपकी प्रारंभिक शिक्षा कोमाखान इंटरमीडिएट आई एस सी राजकुमार कालेज रायपुर तथा कृषि महाविद्यालय नागपुर में बी एस सी किए। आप 1964 में आई इंटरनेशनल फॉर्म यूथ एक्सचेंज के तहत कृषि प्रशिक्षण के लिए अमेरिका गए। वहां से आप कृषि वैज्ञानिक होकर लौटे। आपने शासन के कई महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं दी।

मेसर्स शाह इंडस्ट्रीज, प्रोप. - श्री आशीष जे. शाह, पिता श्री जयंती लाल शाह, निवासी- एम.बी.के. अपार्टमेंट, वैष्णव देवी चौक, वर्धमान नगर, नागपुर (महाराष्ट्र), को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र - उरला, जिला - रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 327 रकबा 1394.05 वर्गमीटर (0.139 हेक्ट.) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 16/05/2016 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक जिव्याउके - रा / भू.आ. / 2024 / 265 दिनांक 19/06/2024 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्र क्रमांक जिव्याउके - रा / भू.आ./ 2024 / 1240-41 दिनांक 31/01/2025 के द्वारा "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम - 2015" (यथा - संशोधित) में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को 01 माह के भीतर हटाकर रिक्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम - 2015" (यथा - संशोधित) प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि - निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति / कार्यालय / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा।

(ए.एच. यजदानी)
मुख्य महाप्रबंधक (भू- आबंटन)
सी.एस.आई.डी.सी

S-45116/2

## कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
## :: संचालनालय ::
## ब्लॉक - डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक/आदि.यो./05/2025-26/6800 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 01/09/2025

**"शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान"**
**वर्ष 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रण हेतु द्वितीय विज्ञप्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान स्थापित किया गया है। वर्ष 2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है।

**3. सम्मान का स्वरूप :-**
उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटिट्का दी जाएगी, सम्मान की नगद राशि एक व्यक्ति को दी जा सकती है।

**4. आवेदन / प्रविष्टियां भेजने की समयावधि :-**
2.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र / प्रविष्टियां, समाज सेवी व्यक्ति द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा दिनांक 20/09/2025 सायं 5.00 बजे तक सचिव, छ.ग.राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर "ब्लाक - ए" रायपुर छ.ग. में जमा की जायेगी। उक्त तिथि को निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त प्रविष्टि / आवेदन पर विचार किया जाना संभव नही होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नही होगा।
2.2 योजना नियमावली विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।
2.3 प्रविष्टियां / आवेदन पत्र के लिफाफे पर "शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2025" अंकित होना चाहिए ।

**3. प्रविष्टियां / आवेदन के मापदण्ड**
सम्मान के लिए प्रविष्टियां / आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :-
1. व्यक्ति का पूर्ण परिचय।
2. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यो को सप्रमाण विस्तृत जानकारी।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित)।
5. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उसके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य।
6. व्यक्ति के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र।
7. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की सहमति।
8. जूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यो के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिष्ट मानदण्डों के अलावा कोई और शर्ते लागू नहीं होगी।
10. एक बार चयन नही होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही हैं।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों / जानकारी के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों / निष्कर्षो / प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा। इस मामलें में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जायेगा।
13. व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्युरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यो का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। इस हेतु वे (व्यक्ति) सहमत हैं। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

(डॉ. सारांश मित्तर)
आयुक्त- आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

G-252603200/2

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**
आवश्यकता है- Kent International School, Jheet Patan Road-(CBSE) Walk in Interview for the following subjects: PGT Chemistry who can teach Biology, English, Computer Science, Timing: 10:30am to 12:30pm Contact No. 7880111062.(RO-6994)

**सिक्योरिटीगार्ड**
आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर॰ 7828901615.(RO-253)

**पेट्रोल पंप कर्मी**
आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर पार्टटाइम / फुलटाइम एवं नाईट ड्यूटी हेतु लड़के /लड़कियों की बैक ऑफिस, हाउसकीपिंग एवं गार्ड भी संपर्क करें पार्टटाइम सायं 5:30 से 11:30 संपर्क:- 8358914444.(RO-251)

**हेल्पर**
आवश्यकता है- टिफिन सेंटर में खाना बनाने के लिए हेल्पर महिला/पुरूष एंव रोटी बनाने के लिए महिला की आवश्यकता है अनुभवी ही संपर्क करें अम्लीडीह रायपुर Mo. 7470308181, 9826162764. (RO-493)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस बॉय**
आवश्यकता है- टीशर्ट होलसेलर को ऑफिस बॉय की आवश्यकता है आकर्षक वेतन, PARC 16-17, सुराना मार्केट, सिटी सेंटर मॉल के पीछे, होटल सुखसागर के सामने पंडरी, रायपुर (RO-0048)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क रायपुर 8349712577, 9981390074.(RO-252)

**टीचर/ड्रायवर**
आवश्यकता है- साई शिक्षा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में नर्सरी से 8वी तक इंग्लिश टीचर , वैन ड्रायवर और आया कि आवश्यकता है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर 9406250678. (RO-410)

**पैकिंग/डिलवरी कार्य**
आवश्यकता है- माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता, जो ई-रिक्शा चला सके, मिलेः- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-248)

**सेल्स / मार्केटिंग**
आवश्यकता है- राधा होम फ़र्नीचर, दुर्ग मे आवश्यकता है। शोरूम सेल्स, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, टेली प्राइम और एक्सेल जानकार कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर और गोदाम कर्मचारियों की, वेतन योग्यतनुसार, पुरुष / महिला संपर्क करें 11.30 से 1.30 तक। नागपुर बाईपास ब्रिज के पास धमधा रोड दुर्ग। 9425238441 (आरो न.- 666)

छोटा विज्ञापन

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**
आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल:- 9329103178.(RO-243)

**ऑफिस कार्य**
शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- मो :- 7611101133 (RO-412)

आवश्यकता है- टैली कॉलिंग कंपनी में ऑफिस कार्य के लिए केवल लड़के की आवश्यकता है। 10वीं एवं 12वीं फेल भी चलेगें। कमाये 10 से 20 हजार। रहना, खाना फ्री। मो-74991-40687. (आरो न.-667)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। जो म. प्र. उज्जैन में रह कर कम कर सके, योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास। सैलरी 10,000 + कमिशन, बोनस+ रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15 से 20,000 Co- 9630773028, 9993044523.(RO-411)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090 (RO-375)

हरिभूमि क्लासीफाईड

शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- मो :- 7611101133 (RO-412)

**आर.टी.ओ./इंचार्ज**
आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिये आर.टी.ओ. एवं इंश्योरेंस कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है (जिसे कम्प्यूटर कार्य का संपूर्ण ज्ञान हो) एवं चारपहिया वाहनों के मेंन्टेनेंस कार्य हेतु अनुभवी मेंटेनेंस इंचार्ज की आवश्यकता है। संपर्क - अमर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, महेशनगर, पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.) फोन नं. 0788-2210721, E-mailjobs.amarinfra @gmail.com (आरो न.- 1640)

**टेलीकालिंग/फील्डकार्य**
आवश्यकता है- रियल स्टेट फिल्ड दुर्ग भिलाई में कार्य करने हेतु टेली कॉलिंग व फील्ड विजिट हेतु उर्जावान युवक / युवतियों की। सम्पर्क.:- 90096-00095, 90096-11195 (आरो -665)

**आवश्यकता**
आवश्यकता है- भिलाई नेहरूनगर बुनियादी कॉम्प्लेक्स स्थित सुनील गुपचुप, चाट सेंटर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें:- मो.- 7000354963. (आरो न.-662)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**इंजीनियर/टेक्नीशियन**
**भर्ती सूचना**
**SOLAR PROJECTS**
हमारी कंपनी को रायगढ़ (छत्तीसगढ़) निम्न पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है:
- Solar / Electrical Engineer (B.Tech / B.E – Electrical) अनुभव: 2 से 5 वर्ष
- Electrical Engineer (Diploma – Electrical) अनुभव: 1 से 2 वर्ष
- Electrical Technician (ITI या समकक्ष) अनुभव: फ्रेशर या 1 से 2 वर्ष

इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume तुरंत भेजें।
Jetsor Power Systems Pvt. Ltd.
Email : lakshay@jetsor.in
Mobile : 9811800067

**गृह कार्य**
आवश्यकता है- गृहकार्य में दक्ष, भरोसेमंद एवं अनुशासित पुरुष घरेलू नौकर की आवश्यकता अनुभवः- 5-10 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास वेतन 25 हजार तक (अनुभव व योग्यतानुसार) रहने एवं भोजन की सुविधा अनुभवी एवं जिम्मेदार उम्मीदवार एवं एजेंसियाँ संपर्क करें। Vrindavan Hall, Near IDBI Bank, Civil Lines, Raipur 9109222000. (RO-249)

**सेल्स गर्ल्स**
आवश्यकता है- सेल्स गर्ल्स,लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें ओम ज्वैलर्स इंदिरा मार्केट शॉप नंबर 64 भी प्रिया सिंगर सदन के सामने दुर्ग। (आरो न.-7198)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**इंचार्ज**
आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी के पेंट के वेयर हाउस में काम करने के लिए इंचार्ज की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारें, पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर॰ 9201835614.(RO-254)

**अन्य**
आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719 (RO-1125)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457. (RO-1113)

**For Rent किराया**
किराये से देना है- भूतल पर 2000 वर्गफीट का हाल व्यवसाय हेतु किराए पर देना है गुढ़ियारी, श्रीनगर मेन रोड रायपुर में संपर्क करें मोबाइल 9826188995, 7647982995.(RO-244)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Property प्रापर्टी**

**फ्लैट**
बेचना है - रायपुर शहर में, प्राइम लोकेशन पर, सर्वसुविधायुक्त, 3BHK फ्लैट बेचना है। वास्तु निर्मित, मॉड्यूलर किचन, कार पार्किंग, 24 घंटे पानी, 3 वॉशरूम, इंटीरियर डेकोरेशन, बच्चों और सीनियर सिटीजन के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक, अशोका रतन सोसायटी, VIP-ESTATE, शंकर नगर-विधानसभा रोड, Owner: 9826188132.(RO-250)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



## खबर संक्षेप



### वीनस महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स ने लैला फर्नांडिज के साथ अमेरिकी ओपन महिला युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वीनस ने अपनी छोटी बहन सेरेना से कहा है कि वह उनका मैच देखने आये। वीनस और लैला ने 12वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा और झांग शुआइ को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा से होगा।

### प्रणव ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की



**फुजैरा।** विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे। अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्हें 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले।

### आसिफ अली ने क्रिकेट से की संन्यास की घोषणा

**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ अली ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। फैसलाबाद के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2021 और 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप और 2019 में इंग्लैंड में पुरुष वनडे विश्व कप में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पाकिस्तान की जर्सी पहनने को अपने पेशेवर करियर का 'सबसे गौरवपूर्ण अध्याय' करार दिया। आसिफ ने हालांकि कहा कि वह घरेलू और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। आसिफ अली 2018 में वनडे एशिया कप और 2022 में टी20 एशिया कप की टीम में शामिल थे।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 क्रिकेट को कहा अलविदा, टेस्ट और वनडे प्रारूप में खेल रखेंगे जारी

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और टी20 प्रारूप में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इस मौके पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट और वनडे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बचे हुए करियर में टेस्ट प्रारूप में खेलना उनकी प्राथमिकता होगा।



### ऑस्ट्रेलिया से सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज

स्टार्क ने साल 2012 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। 13 वर्ष के लंबे अपने करियर में उन्होंने 65 मैच में 79 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/20 का रहा। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रहे। दूसरे सर्वाधिक विकेट वाले कंगारू तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (73) हैं।

### ओपनिंग गेंदबाज के रूप में चटकाए सर्वाधिक विकेट

स्टार्क ओपनिंग गेंदबाज यानी मैच का पहला या दूसरा ओवर फेंकने वाले खिलाड़ी के रूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। स्टार्क ने 48 मैचों में पहले ओवर और 12 मैचों में दूसरे ओवर में गेंदबाजी करते हुए कुल 73 विकेट लिए। विश्व के गेंदबाजों में टिम साउथी (127) इस सूची में शीर्ष पर हैं।



### एक ओवर में 29 रन का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज

टी-20 विश्व कप 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ सुपर-8 के मुकाबले में स्टार्क के नाम पर एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ था। दरअसल, स्टार्क ने अपने पहले और भारत की पारी के तीसरे ओवर के दौरान कुल 29 रन खर्च किए थे। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे महंगा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने उस ओवर में 4 छक्के और 1 चौका लगाया था।

### टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं स्टार्क

*ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में टी-20 विश्व कप का खिताब जीता था। यह कंगारू टीम का टी-20 प्रारूप में पहला आईसीसी खिताब था। उस विश्व विजेता टीम में स्टार्क भी अहम सदस्य थे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने उस संस्करण में अपने सभी 7 मैचों में हिस्सा लिया था, जिसमें कुल 9 विकेट लिए थे। फाइनल में स्टार्क ने खराब प्रदर्शन किया था।*

## सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं, फाइनल का होगा

# दलीप ट्रॉफी 2025: सेमीफाइनल के मुकाबले कल से फाइनल में पहुंचने चार टीमों के बीच होगी रोमांचक जंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले 4 से 7 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने रविवार को क्वार्टर फाइनल मैचों में पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद इस चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अब उनका मुकाबला वेस्ट जोन और साउथ जोन से होगा, जो पिछले साल के फाइनलिस्ट होने के कारण सीधे इस चरण में पहुंची हैं।

### नॉर्थ और सेंट्रल जोन ने बनाया दबदबा

नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पहली पारी में मिली 175 रनों की बढ़त से अगले चरण में प्रवेश किया। टीम के कप्तान अंकित कुमार, यश ढुल और आयुष बदोनी ने शतक जड़े। औकीब नबी ने हैट्रिक हासिल की। सेंट्रल जोन ने भी नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में मिली 347 रन की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दानिश मालेवार (203), रजत पाटीदार (125) और शुभम शर्मा (125) ने शतक जड़े।

### ऐसा है सेमीफाइनल का शेड्यूल

सेमीफाइनल मैचों में नॉर्थ जोन का मुकाबला साउथ जोन से सीओई ग्राउंड 1 पर होगा, जबकि वेस्ट जोन का मुकाबला सेंट्रल जोन से ग्राउंड 2 पर होगा। दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के केवल फाइनल मुकाबले की ही लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। हालांकि, प्रशंसक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दोनों मैचों का लाइव स्कोरकार्ड देख सकते हैं।







### नॉर्थ और साउथ जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

नॉर्थ जोन के औकिब नबी ने क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन के खिलाफ 5 विकेट झटके हैं। उनके स्पेल में एक डबल हैट्रिक (लगातार चार गेंदों पर 4 विकेट) भी शामिल थी। बदोनी ने पहली पारी में 63 और दूसरी पारी में नाबाद 204 रन की पारी खेली। दक्षिण जोन के देवदत्त पडिक्कल बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 41.39 की औसत से 2,815 प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। गुरजपनीत सिंह ने 2024-25 रणजी ट्रॉफी में 13 विकेट चटकाए थे।

### पश्चिम और सेंट्रल जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

क्वार्टर फाइनल के पहले दिन सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने 125 रनों की तेज पारी खेली और दूसरी पारी में भी 66 रन बनाए। यश राठौड़ ने भी 2 अर्धशतकों (87 और 78) के साथ मजबूती प्रदान की। वेस्ट जोन से श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 2024/25 रणजी ट्रॉफी में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल के ऊपर वेस्ट जोन को बतौर सलामी बल्लेबाज बेहतर शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी।

### टीमें इस प्रकार

**वेस्ट जोन की टीम:** **शार्दुल ठाकुर (कप्तान)**, यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे, अर्जन नागवासवाला।

**साउथ जोन की टीम:** **मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान)**, तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैश्यक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, स्नेहल कौथंकर, अंकित शर्मा, शेख रशीद।

**नॉर्थ जोन की टीम:** **अंकित कुमार (कप्तान)**, शुभम खजूरिया, आयुष बदोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन।

**सेंट्रल जोन की टीम:** **ध्रुव जुरेल (कप्तान/विकेटकीपर)**, रजत पाटीदार , आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर , सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद।

## एशिया कप हॉकी

# पांच बार की चैंपियन कोरिया से भारत का मुकाबला आज



एजेंसी ▶▶| राजगीर

पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में आज बुधवार को पांच बार की चैम्पियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाखस्तान को 15-0 से हराया। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं। सुपर 4 के मैच शाम को 7.30 बजे से होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है।

### सुपर चरण 4 सभी टीमों की नई शुरूआत

सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा ।

### इस प्रकार हैं दोनों की टीमें

**भारत** : सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक (गोलकीपर) हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह , मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल , हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

**कोरिया** : डी अंग (गोलकीपर), जिहुन यांग, चियोलियोन पार्क, जिनकांग रिम, डेन सोन, जुंगजुन ली (कप्तान), जोंगसुक बाए, सियोग ओह, जेवोन सिम, सुंगह्युन बाएक, सूंग मिन बाए, जाएहान किम, जियोनहो जिन, हियोनहोंग किम, सियुंगवू ली, मिन सू चियोन, यूनहू कोंग, येसियुंग ली।

## त्रिकोणीय सीरीज

# राशिद ने रचा इतिहास, बने टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज



एजेंसी ▶▶| शारजाह

अफगानिस्तान ने शारजाह में खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले में यूएई को 38 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में कप्तान राशिद खान ने एक बार फिर कमाल दिखाया। उन्होंने तीन अहम विकेट लेकर न सिर्फ टीम को जीत दिलाई बल्कि टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा 165 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउथी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 164 विकेट लिए थे।

### शानदार रहा राशिद का करियर

*रिपोर्ट के अनुसार, साउथी ने 126 मैच खेले थे, जबकि राशिद अपने 98वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही उनसे आगे निकल गए। राशिद ने 2 बार पारी में 5 विकेट हॉल भी लिए हैं। उन्होंने अब तक 18 टीमों के खिलाफ मैच खेला है। इस बीच उन्होंने अफगानिस्तान के लिए कुल 163 विकेट और 2018 में लॉर्ड्स के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी विश्व एकादश के लिए 2 विकेट लिए हैं। बतौर कप्तान अब उनके नाम 52 विकेट हैं।*

### सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी औसत वाले गेंदबाज

राशिद के अब तक के टी-20 अंतरराष्ट्रीय में इकॉनमी रेट 6.07 है। कम से कम 100 टी-20 मैच खेलने वाले किसी भी अन्य पूर्णकालिक टीम के गेंदबाज की इकॉनमी 6.8 से कम नहीं है। राशिद का औसत (13.62) भी इस सूची में सर्वश्रेष्ठ है। बता दें कि न्यूनतम 100 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा और आयरलैंड के मार्क अडायर का औसत 20 से कम है।

### सर्वाधिक पारियों में लिए हैं 4 विकेट

राशिद ने 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (8) और पाकिस्तान के उमर गुल (6) ही ऐसे अन्य गेंदबाज हैं जिन्होंने 5 बार चार या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। राशिद कप्तान के तौर पर 50 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले पहले पूर्ण सदस्य गेंदबाज हैं।

# विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक की कर दी भरपाई : चिराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता।

दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फ़ाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया।



### सही रणनीति के खेल से मिली विजय : चिराग

चिराग ने साक्षात्कार में कहा, "मुझे लगता है कि आरोन और सोह के खिलाफ जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि अगर हम सही रणनीति के साथ खेलें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं। हाल ही में उनके खिलाफ हमारा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा था। विशेष कर ओलंपिक खेलों में जहां हमें उनके हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा हम ओलंपिक में उसी कोर्ट पर उनसे हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ जीत वास्तव में खास थी। कांस्य पदक जीतने के साथ ही सात्विक और चिराग विश्व चैंपियनशिप में एक से अधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। साइना नेहवाल ने विश्व चैंपियनशिप में दो जबकि पीवी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं।

# मेसी लेने वाले हैं संन्यास...!, कल हो सकता है बड़ा ऐलान

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

फुटबॉल प्रेमियों के लिए जल्द ही भावुक पल आ सकता है। अर्जेंटीना के 38 वर्षीय लीजेंड लियोनेल मेसी ने इशारों में अपने संन्यास के बारे में बता दिया है। उन्होंने बताया है कि उनका अंतरराष्ट्रीय सफर अब अंतिम मोड़ आ चुका है। उन्होंने संकेत दिया कि 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में वेनेजुएला के खिलाफ होने वाला विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला उनका आखिरी घरेलू मैच बन सकता है।



### मेसी का शानदार क्वालीफायर रिकॉर्ड

अब तक मेसी ने 193 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों में 31 गोल किए हैं। 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीतकर उन्होंने अर्जेंटीना को 36 साल बाद एक बार फिर विश्व चैंपियन बनाया। यह उपलब्धि उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक मानी जाती है।

# भारत के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे में खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिससे वह फिलहाल उबर रहे हैं। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिंस अक्टूबर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा भी नहीं होंगे।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि स्कैन में फ्रैक्चर नहीं आया है, लेकिन हड्डी में खिंचाव इतना ज्यादा था कि उन्हें आराम की जरूरत पड़ी है। नवंबर 2021 में कप्तानी संभालने के बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में काफी जिम्मेदारी संभाली है। इस दौरान चोट के कारण उन्होंने सिर्फ 2 टेस्ट मैच नहीं खेले हैं।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–पुर्ननिविदा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 04/2025–26(ZP) दिनांक 02.09.2025

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कैरो | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कैरो का भवन निर्माण | 14300000.00 | 10000.00 | 286000.00 | 01(एक) वर्ष |
| 2 | पेशरार | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पेशरार का भवन निर्माण | 14300000.00 | 10000.00 | 286000.00 | 01(एक) वर्ष |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–03.09.2025
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–09.09.2025 / 10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय :–10.09.2025 / 11:00 बजे पूर्वाह्न में
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट –
1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं ।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट जिजचेरूध्र्रींतींदकजमदकमतेण्हवअण्पद पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.361148 Lohardaga(25-26):D



**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**
प्रथम निविदा - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website- www.cgmsc.gov.in Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in
No. 4190 Date:- 02.09.2025

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10459 | जिला धमतरी अंतर्गत वि.ख. कुरूद में नवीन 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य । (प्रपत्र–अ) | 1669.47 |
| 2 | 10460 | रायपुर नगर निगम परिक्षेत्र में नवीन 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल सरोना, जिला रायपुर के भवन का निर्माण कार्य । (प्रपत्र–अ) | 1637.59 |
| 3 | 10461 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राखी नवा रायपुर जिला रायपुर का नवीन 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयन हेतु भवन निर्माण कार्य । (प्रपत्र–अ) | 1643.42 |
| 4 | 10462 | जिला सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजेपुर में 30 बिस्तरीय ई.टी.पी. स्थापना का कार्य । (प्रपत्र–ब ) | 10.82 |
| 5 | 10463 | जिला जांजगीर-चांपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा में फायर फाईटिंग का कार्य (प्रपत्र–ब ) | 32.83 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 18/09/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 10/10/2025 तक है निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज, आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-45110/1 sd/- अधीक्षण अभियंता



# दुनिया का इकलौता देश, जहां दिखता है हरा सूरज

**नई दिल्ली।** यदि आपसे पूछा जाए कि सूरज का रंग क्या होता है, तो लगभग आप में से सभी लोग ही इसे लाल, नारंगी या पीला बताएंगे। यहां तक कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान हनुमान ने भी सूर्य को लाल सेब समझकर खाया था। हालांकि, सूरज के रंग को लेकर आपकी जानकारी बिल्कुल भी गलत नहीं है। लेकिन, दुनिया में एक देश ऐसा जरूर है, जहां सूरज एक अलग रंग में दिखाई देता है।

## साइंटिस्ट ने बताया चौंकाने वाला कारण

### यहां उगता है हरा सूरज

ओस्लो। यूरोप का एक देश नॉर्वे अपनी रहस्यमय नेचर के लिए दुनिया भर में फेमस है। यहां वाइट माउंटेन्स, नॉर्थन लाइट से लेकर सूरज का रंग भी सबको चौंकाता है। जी, हां नॉर्वे ही वो इकलौता देश है, जहां सूरज का रंग लाल, नारंगी या पीला नहीं, बल्कि हरा दिखाई देता है। साइंस की भाषा में कुदरत के इस करिश्मे को ग्रीन फ्लैश कहा जाता है।



### 2-3 सेकंड के लिए सूरज बदलता है रंग

ग्रीन फ्लैश केवल 2 से 3 सेकंड के लिए नजर आता है। साइंटिस्ट्स का मानना है कि ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि सूरज की किरणें कई रंगों से मिलकर बनती है। ऐसे में जब सूरज क्षितिज पर होता है, तो इससे रोशनी में हरा और नीला रंग ज्यादा साफ झलकता है।

### कब नजर आता है ग्रीन फ्लैश

सूरज का हरा रंग दिन भर नजर नहीं आता है। इसे देखने के लिए आपको सूर्योदय और सूर्यास्त का इंतजार करना होगा। यह अद्भुत नजारा समुद्र के किनारे या ऊंचाई से साफ वातावरण वाली जगहों पर देखा जा सकता है। इसके अलावा हरा सूरज देखने के लिए आपको सोलर ग्लासेज का इस्तेमाल करना होगा। क्योंकि, यह नजारा कुछ समय के लिए ही आसमान में दिखता है, इसलिए सूरज को एक टक देखते रहना भी जरूरी है।

# हमले के लिए निकल चुका है एलियन यान, पृथ्वी को कब्जे में करने की तैयारी!

वॉशिंगटन। सौरमंडल में एक बिन बुलाए मेहमान की एंट्री हो गई है। इसे देखकर साइंटिस्ट चिंता में पड़ गए हैं। ये एक इंटरस्टेलर यानी बाहरी अंतरिक्ष से आया पिंड है, जिसका नाम 3I/एटलस है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक अवी लोएब का कहना है कि यह कोई नॉर्मल पिंड नहीं है, बल्कि एलियंस का भेजा यान भी हो सकता है। वैज्ञानिक लोएब ने कहा कि इस पिंड के साथ एक 'छोटा गुप्त यान' भी चल रहा है, जो शायद मंगल ग्रह की ओर जा रहा है। उनका कहना है कि यह यान 3I/एटलस से थोड़ा आगे चल रहा है और 3 अक्टूबर 2025 को यह मंगल ग्रह के बहुत करीब से गुजरेगा।

## आ रहे बिन बुलाए मेहमान, साइंटिस्ट को मिले खतरनाक संकेत

### क्या है 3I/एटलस?

यह एक इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट है, यानी ऐसा पिंड जो हमारे सौरमंडल के बाहर से आया है। यह घंटे में 2,09,000 किलोमीटर की रफ्तार से चल रहा है, यानी एक सेकंड में 60 किलोमीटर। इसकी उम्र करीब 7 अरब साल है, जो हमारे सौरमंडल से भी ज्यादा है।

### क्यों है ये इतना खास?

3I/एटलस जब मंगल ग्रह के पास आएगा, तो यह सिर्फ 2.7 लाख किलोमीटर दूर होगा, जो बहुत कम दूरी है। अवी लोएब का मानना है कि इतना पास आना कोई संयोग नहीं, बल्कि किसी ने जान-बूझकर इसकी दिशा तय की है।



### क्या कोई एलियन यान मंगल पर भेजा गया है?

लोएब कहते हैं कि एक छोटा यान 3I/एटलस के आगे चल रहा है और हो सकता है वह मंगल ग्रह पर उतरने की कोशिश करे। यह यान इतना छोटा है कि धरती की टेलीस्कोप से दिखाई नहीं दे रहा। लोएब ने सुझाव दिया है कि मंगल टोही ऑर्बिटर के हाईराइस कैमरा से इसकी जांच की जा सकती है।

### एलियन का हमला संभव?

लोएब ने एक और चौंकाने वाला बयान दिया है कि शायद ये यान धरती पर नजर रखने या हमला करने आ रहा है। उन्होंने दुनियाभर की सरकारों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और मिलकर तैयारी करें।



### क्या कहते हैं दूसरे वैज्ञानिक?

हालांकि, अभी तक अन्य वैज्ञानिकों ने लोएब की बातों से सहमति नहीं जताई है। नासा और अन्य संस्थाएं इसे सिर्फ एक नॉर्मल नेचुरल पिंड मान रही हैं। लेकिन 3I/एटलस की अजीब चाल ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# हाथ पीछे बंधे, गले में रस्सियां पेरू में मिली 'अजीब कब्र'

**लीमा।** पेरू में एक मंदिर की खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों को एक दर्जन से ज्यादा लोगों के अवशेष मिले हैं। ये अवशेष 2300 साल पुराने हैं। इनमें कई अवशेषों या कंकालों के गले में रस्सियां लगी हुई हैं और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से अधिकतर शवों का संबंध मानव बलि से हो सकता है। हालांकि, रस्सियों से बंधे कंकालों की खोज के बाद स्थानीय निवासियों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। उनका कहना है कि वैज्ञानिकों को ऐसी चीजों से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

### जमीन की ओर थे मृतकों के चेहरे

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातत्वविदों ने बताया कि इन कब्रों में कुछ दुर्लभ विशेषताएं हैं। सैन मार्कोस के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पुरातत्व के प्रोफेसर हेनरी टैंटालियन ने बताया है, 'जिस तरह से उन्हें कब्र में रखा गया था वह अजीब है। उनके चेहरे जमीन की ओर थे, जो एंडियन प्रागैतिहासिक काल में एक असामान्य दफनाने का तरीका था।' हेनरी टैंटालियन ही इस जगह पर खुदाई कर रही पुरातत्वविदों की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

## 2300 साल पुराने कंकालों को देख डरे लोग



### मरे लोगों की खोपड़ियों में मिला फ्रैक्चर

टैंटालियन ने बताया कि कई लोगों की खोपड़ी में फ्रैक्चर था। वहीं, कुछ के गले में रस्सियां और हाथ पीठ के पीछे बंधे थे। उन्होंने कहा कि इन खोजों से पता चलता है कि इन लोगों की बलि दी गई थी। उन्होंने कहा कि 'उनके साथ कोई भेंट या कब्र में रखी कोई वस्तु नहीं थी, जो भी असामान्य है।'

### 3000 साल पुरानी है मंदिर

टैंटालियन के अनुसार, उनकी टीम ने 2024 में पेरू के उत्तर-पश्चिमी तट पर पुएमापे मंदिर परिसर के पास इन कब्रों की खोज की और 2025 में उत्खनन कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि यह मंदिर लगभग 3,000 साल पुराना है, लेकिन ये कब्रें बाद के समय की हैं, लगभग 400 से 200 ईसा पूर्व की। उनका यह भी कहना है कि मानव बलि दिए जाने से पहले ही मंदिर को छोड़ दिया गया होगा।

### मरने वाले लोगों का डीएनए जांच रहे विशेषज्ञ

टैंटालियन ने कहा, 'वे इस प्राचीन पूजा स्थल पर चढ़ाई जाने वाली बलि रहे होंगे।' लेकिन, पुरातत्वविदों को इस बारे में बहुत कम जानकारी है कि बलि चढ़ाए गए लोग कौन थे। टैंटालियन ने कहा, हो सकता है कि वे उसी क्षेत्र में रहने वाले लोग थे। हालांकि, हमारी यह भी परिकल्पना है कि वे पड़ोसी घाटी से आए होंगे। कंकालों का विश्लेषण जारी है, और टीम लोगों की पहचान जानने के लिए डीएनए टेस्ट सहित अध्ययन करने की योजना बना रही है।

# 2 लाख लोगों के मेले की सफाई में मिली अजीब चीज़ें, मालिकों को लौटाने की तैयारी

**लंदन।** ब्रिटेन में समरसेट के ग्लासटनबरी में हर साल एक पांच दिन का उत्सव होता है। इसमें कई तरह की कलाओं, खास तौर से परफॉर्मिंग आर्ट्स का प्रदर्शन होता है, प्रतियोगिताएं होती हैं। जगह-जगह से लाखों लोग इस उत्सव में जुटते हैं। इस साल करीब 2 लाख से भी ज्यादा म्यूजिक फैन यहां के एक बड़े से मैदान में जमा हुए थे। यहां भीड़ के आने-जाने से बहुत सारी गंदगी भी फैली थी। जिसे साफ करने के लिए कई लोगों को जुटना पड़ा था। एक शख्स ने सोशल मीडिया पर बताया कि मैदान पर फैले कचरे को एक महीने तक साफ करते हुए कई कीमती चीज़ें मिली, जिन्होंने हैरान किया। लेकिन, इनके मालिक उन्हें वापस हासिल कर सकते हैं।



### अजीबोगरीब, लेकिन कीमती चीजें

वी ने अपने बैग से चीजें निकाली और दिखाईं। उन्होंने एक रबर हैंड से शुरुआत की और कहा, 'यहां छोटे सीरियल बाउल्स के लिए चम्मचों का कलेक्शन भी है।' इसके बाद उन्होंने ज्वेलरी दिखाई, जिसमें 12 ईयररिंग्स, 10 नेकलेस, दो ब्रेसलेट्स और पांच रिंग्स शामिल थे, जिसमें से एक पर हेलो किट्टी का डिजाइन था।

### खिलौने और अन्य चीजें

वी ने ब्लू-हेअर्ड ट्रोल्स फिगर, एक बालों वाला ट्रोल्स फिगर, दो छोटे डायनासोर फिगर्स और चार हाउस कीज भी पाईं। इसके अलावा, रबर स्क्विड, कई छोटे रबर डक्स, एक स्केलेटन आर्म और एक गोल्डन डबलून भी मिला।

### कैश और अन्य सामान

वी ने बताया, 'मुझे 40 पाउंड कैश मिला, मैंने उसे खर्च कर दिया। इसके अलावा, एक चॉकलेट फ्लेक जैसी लाठी, क्रोक चार्म्स, एक लाइट स्विच, एक पलेक्टम, एक वुडन डाइस, दो शेल्स और आखिर में एक गोल्डन टॉप भी मिला, लेकिन मैं नहीं जानता कि इसका क्या करूं। उन्होंने मजाक में वह लेडीज गारमेंट पहनकर पूछा, क्या एक महीने का कचरा साफ करना इसके लायक था?

## ट्रेन की बर्थ पर ही कूलर लगाकर सो गया शख्स

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया ऐसी जगह है जहां कब, क्या देखने को मिल जाए इसका अंदाज़ा कोई भी नहीं लगा सकता है। कई बार तो हमें कल्पना से परे चीजें भी देखने को मिल जाती हैं। जिनके बारे में हम सपने में भी नहीं सोच सकते हैं। वहीं, हम जुगाड़ की बात करें तो भारतीय लोग जुगाड़ में सबसे आगे हैं। किसी भी काम को आसान बनाने के लिए या फिर किसी नामुमकिन काम को करने के लिए भारत के लोग कोई न कोई जुगाड़ कर ही लेते हैं। ऐसा ही एक वीडियो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोगों का दिमाग चकरा गया है।




# जहां पानी नहीं होता...वहां रहता है ये पक्षी फिर रोज करता है असंभव को संभव

**भोपाल।** विंध्य पर्वत की विशाल श्रृंखला में बसे नौरादेही टाइगर रिजर्व में दुर्लभी जीव भी हैं। यह रिजर्व टाइगर, तेंदुआ, भेड़िया, नीलगाय और चीतल जैसे शानदार वन्यजीवों का घर है, जहां हर कोना जीवन की जीवंतता से भरा पड़ा है। लेकिन, यहां की असली खासियत पक्षियों की दुनिया है। खासकर वह दुर्लभ सैंड ग्राउस पक्षी जो अपने बच्चों की प्यास बुझाने के लिए अनोखा तरीका अपनाता है। रिजर्व में 92 प्रकार के पेड़, 49 प्रकार की झाड़ियां और जड़ी-बूटियां, 18 प्रकार की लताएं तथा 35 प्रकार की घास पाई जाती हैं। ये सभी मिलकर एक ऐसा आवास तैयार करते हैं, जो वन्यजीवों के लिए आदर्श है। संरक्षित क्षेत्र में पक्षियों की 230 से अधिक प्रजातियां निवास करती हैं, जिनमें हंसारस, एग्रेट्स, स्टोर्क्स, बाज, गिद्ध, तीतर और बटेर, कबूतर, तोते, कोयल, उल्लू, फ्लाईकैचर्स और मैना जैसे पक्षी शामिल हैं।



### दुर्लभ है इस पक्षी की कला

इन सबके बीच एक ऐसा पक्षी है, जो दुर्लभता की मिसाल है। उसे सैंड ग्राउस कहते हैं। यह पक्षी सूखे और गर्म क्षेत्रों में पाया जाता है, जहां पानी की कमी जीवन की सबसे बड़ी चुनौती होती है। सैंड ग्राउस का जीवन संघर्षपूर्ण है। यह मुख्य रूप से बीज, दाने और घास के तिनकों पर निर्भर रहता है, लेकिन अपने बच्चों को पालने के लिए यह असंभव को संभव कर दिखाता है।

## सैंड ग्राउस की यहां दोनों प्रजातियां

नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी बताते हैं, 'यह क्षेत्र ड्राई एरिया है और यहां के स्थानीय पक्षी बेहद अनुकूलित हैं। सैंड ग्राउस अपने पंखों के निचले हिस्सों में पानी सोख लेता है, फिर अपने चूजों को पंखों से पानी पिलाता है और उन्हें ठंडा रखता है। हमारे यहां सैंड ग्राउस और पेंटेड सैंड ग्राउस दोनों प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर यह बीज, दाने और घास के तिनके खाता है।' आगे कहते हैं कि यह पक्षी खुले और बड़े मैदानों में अधिक पाया जाता है, लेकिन इनकी प्रजाति पर संकट मंडरा रहा है, क्योंकि उनके प्राकृतिक आवास लगातार नष्ट हो रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com